53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 26.6°c अधिकतम 33.6 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:59, सूर्यास्त - 6:34 | वर्ष : 53/अंक : 247 रविवार, 07 सितम्बर 2025 भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

उत्तम समय कभी नहीं आता, समय को उत्तम बनाना पड़ता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी, कांग्रेस ने थाने में दी शिकायत : अमेठी



जो किसी पर अभद्र टिप्पणी करता है...... वो अपने संस्कारों का पता देता है.......

# ऑनर किलिंग : पुत्री की हत्या कर पिता खुद पहुंचा थाने

**मुजफ्फरनगर, 6 सितम्बर (बु.)।** कलयुगी औलादें मां-बाप को इतना मजबूर कर देंगी कि खुद बाप को अपने ही पैदा की हुई बेटी की हत्या करनी पड़ जाएगी ऐसा कोई सोच भी नहीं सकता। बेशक हत्या करने वाले पिता को जल्लाद का दर्जा ही क्यों न दिया जाये, मगर कोई भी पिता कम से कम बेटी पर तो जल्दी से हाथ तक नहीं उठाता हत्या की बात तो दूर रही। मगर मजबूर होकर मुजफ्फरनगर में ही एक पिता को ऐसा करना पड़ा और मामला भी कहीं दूर का नहीं मुजफ्फरनगर के ही खालापार थाना क्षेत्र का है, जहां गय्यूर ने गला दबाकर अपनी बेटी आरज़ू की हत्या कर डाली। दरअसल बामुश्किल गय्यूर ने अपनी बेटी का रिश्ता देवबंद किया था मगर बेटी लगातार शादी से इंकार कर रही थी।

## हत्या के बाद खुद ही पुलिस के पास पहुंचा पिता

**मुजफ्फरनगर।** अपनी ही बेटी की मजबूर होकर हत्या करने वाला पिता बिना किसी शिकवा शिकायत के खुद ही खालापार थाने पहुंचा और पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी। जब पुलिस ने पिता गय्यूर से सवाल किया कि उसने ऐसा क्यों किया तो गय्यूर के चेहरे पर कोई शिकवा शिकन नहीं दिखाई दी और पुलिस समझ गयी कि औलाद से मजबूर होकर गय्यूर ने यह काम किया है। स्वयं गय्यूर ने बताया कि वह अपनी पुत्री की गलत हरकतों से तंग आ चुका था। अपना जुर्म कबूलने के बाद पुलिस ने गय्यूर को हिरासत में ले लिया मगर पुत्री की हत्या कर स्वयं ही थाने पहुंचने की बात पुलिस के बीच ही चर्चा बनी हुई है। आमजन का कहना है कि कोई यूं ही अपने कलेजे के टुकड़े को अपने से जुदा नहीं करता। मामूली सी मजदूरी करने वाला बाप कैसे अपनी बेटी को मार सकता है। बेटी ने ही ऐसे हालात पैदा कर दिये होंगे कि बाप को अपनी इज्जत बचाने के लिए ऐसा कदम उठाना पड़ा। सचमुच ऐसी औलादें मां-बाप के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं हैं जो अपने गरीब बाप की इज्जत तक नहीं रख सकते।

बाप ने बेटी को हर हद तक समझाने की कोशिश की, प्यार व गुस्सा दोनों दिखाया मगर बेटी पर किसी बात का भी कोई असर नहीं हुआ। बड़ी बात यह थी कि गय्यूर के मुताबिक उसकी बेटी गलत हरकतों में पड़ गयी थी और समझाने के बाद भी परिवार की इज्जत का कोई ध्यान उसे नहीं रहा था। जब बात हद से पार हो गयी तो शनिवार की शाम बेटी आरज़ू व पिता गय्यूर के बीच शादी की बात को लेकर फिर से विवाद खड़ा हो गया और बेटी



ने बिना डरे फिर शादी से इंकार कर दिया और पिता से जोर-जोर से बोलते हुए अभद्रता पर उतर आई। आखिर पिता मजबूर हो गया और पिता ने पूरी कहानी ही खत्म करने के लिए बेटी को चारपाई पर धक्का देते हुए उसका गला ही घोट डाला। मौके पर ही आरज़ू की मौत हो गयी और काफी देर तक आरज़ू का शव चारपाई पर ही पड़ा रहा। पुलिस को इसकी सूचना मिली तो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और हत्यारे पिता को हिरासत में ले लिया।

## बहादुरगढ़ में ड्रेन टूटने से कंपनियां-कॉलोनियां जलमग्न, 150 कारें डूबी, आर्मी ने संभाला मोर्चा

**बहादुरगढ़, 06 सितम्बर (एजेंसी)।** हरियाणा के बहादुरगढ़ में ड्रेन टूटने से हालात बिगड़ गए हैं। बाढ़ राहत प्रबंधन के लिए सेना बुलाई गई है। आर्मी की डोट डिविजन हिसार के 80 से ज्यादा जवान बाढ़ राहत प्रबंधन में जुटे हुए हैं। दरअसल मंगेशपुर ड्रेन टूटने से औद्योगिक और रिहायशी इलाकों में पानी घुस गया है। इलाके में बाढ़ जैसे हालात हैं। बहादुरगढ़ के साथ दिल्ली के कई इलाकों में भी पानी भर गया है। औद्योगिक क्षेत्र के साथ छोटूराम नगर और विवेकानन्द नगर में लोगों के घरों में चार से पांच फीट तक पानी जमा हो गया है। औद्योगिक क्षेत्र में मारूति कंपनी के स्टॉकयार्ड में भी पानी भर गया है। जहां 150 से ज्यादा गाड़ियां पानी में डूब गई हैं। भारी बारिश के कारण मुंगेशपुर ड्रेन ओवरफ्लो होकर कई जगहों से टूट गया। औद्योगिक क्षेत्र के पास करीबन 12 से 15 फीट चौड़ा कट ड्रेन में बना हुआ है। जहां से लगातार पानी खेतों के साथ औद्योगिक और रिहायशी एरिया में बह रहा है। मुंगेशपुर ड्रेन के कट को जोड़ने, मंगेशपुर ड्रेन की स्ट्रैंथनिंग का काम युद्धस्तर पर जारी है। सेना की टीम 8 नाव लेकर और एसडीआरएफ की टीम 4 नाव लेकर रेस्क्यू ऑपेशन चला रही है और ड्रेन के तटबंध को ठीक करने में जुटी हुई है। लेकिन पानी के तेज बहाव के कारण दिक्कतें भी आ रही है। इसके लिए लोहे के बड़े बड़े जालनुमा बॉक्स बनाकर तटबंध के कट पर लगाए गए हैं और उन लोहे के बॉक्स में मिट्टी के कट्टे प्लास्टिक बैग्स में डालकर लगाए गए हैं। तटबंध ठीक कर पानी के बहाव को रोकने और राहत कार्यों में सेना, एसडीआरएफ के साथ सिंचाई विभाग और नगर परिषद के कर्मचारी भी लगे हुए हैं। राहत कार्यों में जुटे कर्मचारियों के लिए सेना ने मेडिकल कैम्प भी पास में लगा रखा है। वहीं कर्मचारियों के खाने पीने की जिम्मेदारी



सिंचाई विभाग ने संभाल रखी है। सिंचाई विभाग के एक्सईएन इशान सिवाच दिन रात मौके पर ही डटे हुए हैं और तटबंध को दुरूस्त करवाने में जुटे हुए हैं। कर्मचारियों के लिए चाय नाश्ता, खाना, बिस्कुट और फलों की व्यवस्था भी सिंचाई विभाग की तरफ से की गई है। बहादुरगढ़ औद्योगिक एरिया की कई फैक्ट्रियों में भी पानी भरा हुआ है। मुंगेशपुर ड्रेन के तटबंध को ठीक करने के लिए ट्रैक्टरों के सहारे मिट्टी के बैग ड्रेन के तटबंध कटाव से 100 मीटर पहले तक भेजे जाते हैं। वहां से सेना की नाव में मिट्टी के बैग आगे ले जाए जाते हैं और उसके बाद कटाव को बंद करने का काम हो पा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि देर रात तक मुंगेशपुर ड्रेन का कटाव बंद हो सकता है। इसके बाद थोड़ी राहत की उम्मीद की जा सकती है। छोटूराम नगर और विवेकानन्द नगर में लोगों को बाढ़ राहत के लिए एसडीएम कार्यालय में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। अगर जरूरत पड़ती है तो प्रशासन अस्थाई आशियाने भी उपलब्ध करवाने के लिए तैयार है।

# नई मण्डी पुलिस को सफलता : तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 6 सितम्बर (बु.)।** शनिवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि 5 सितम्बर को हर्षित त्यागी निवासी गांव सोहजनी तगान थाना मन्सूरपुर ने एक तहरीर दी थी। तहरीर देते हुए उसने बताया था कि अज्ञात चोरों ने उसकी बुलेट भोपा रोड पर स्थित एक नर्सिंग होम की पार्किंग से चोरी कर ली थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए वाहन चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार की रात देर मंडी कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा ने अपनी टीम के साथ बिलासपुर चौराहे के पास से अन्तर्राज्जीय वाहन चोर अरुण निवासी बडला थाना मुण्डाली जनपद मेरठ, रितिक तोमर व अभिषेक तोमर निवासीगण पचगांव थाना भावनपुर जनपद मेरठ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार वाहन चोरों की निशानदेही पर हाइवे पर एक बंद पड़े खंडहर मकान से चोरी की छह बाइक बरामद की है। वाहन चोरो ने पूछताछ में बताया कि वे पिछले काफी समय से मेरठ, दिल्ली व अन्य स्थानों से वाहन चोरी कर रहे थे। वाहनों से नम्बर प्लेट हटाकर सस्ते दामों पर बेच देते थे। गिरफ्तार वाहन चोरों के खिलाफ दिल्ली, मेरठ व नई मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस अन्य अपराधिक मामलों की जानकारी कर रही है। बरामद वाहनों में चोरी की गयी बुलेट भी शामिल है। अन्य वाहनों को पुलिस बरामद करने का प्रयास कर रही है।





## मेरठ से चोर बाजार हुआ खत्म, मुजफ्फरनगर में धावा बोलने लगे मेरठी चोर

मुजफ्फरनगर। लगभग एक साल पहले मेरठ से सरकार ने चोर बाजार खत्म कर दिया था। तब से चोरी का माल बेचने वाले चोर आसपास के जिलों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगे थे। मुजफ्फरनगर में पिछले एक वर्ष में कई वाहन चोरी हुए, जिनमें अधिकांश चोर मेरठ के ही निकले।नई मण्डी पुलिस द्वारा शनिवार को जो तीन वाहन चोरों का खुलासा किया गया, उनमें अरुण, अभिषेक और ऋतिक तीनों ही मेरठ के निवासी हैं। मेरठ के चोरों ने कबूल किया कि सिर्फ मुजफ्फरनगर ही नहीं वे वाहन चोरी के लिए मेरठ और दिल्ली में भी दांव मारते थे। ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि बेशक मेरठ के चोर बाजार सोतीगंज की मार्किट बंद हो गयी हो, मगर चोरों ने अपने को अपडेट रखते हुए चोरी के सामान की जगह पूरे वाहन ही चुराना शुरू कर दिया।

# जनपद में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई पीईटी की परीक्षा

- प्रथम दिन 2148 व द्वितीय पाली में 2129 ने छोड़ दी परीक्षा
- जिले में 22 केंद्रों पर 15,883 अभ्यर्थियों ने दी पीईटी परीक्षा
- डीएम-एसएसपी ने जाना केंद्रों का हाल, परखी व्यवस्था

**मुजफ्फरनगर, 06 सितम्बर (बु.)।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित की गई प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पीईटी जनपद में 22 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों के बीच निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण रूप से पहले दिन संपन्न हुई। उक्त पीईटी परीक्षा में प्रथम दिन शनिवार को कुल पंजीकृत किए 10,080 परीक्षार्थियों में से प्रथम पाली में 2148 और द्वितीय पाली में 2129 परीक्षार्थियों ने किन्हीं कारणों से परीक्षा से किनारा कर लिया। शनिवार को पहली पाली की परीक्षा सुबह दस से 12 बजे तक हुई, जिसमें 7932 परीक्षार्थी और दूसरी पाली की दोपहर दो बजे से 4 बजे तक आयोजित की गई परीक्षा में 7951 परीक्षार्थी शामिल हुए। पीईटी की परीक्षा के सफल आयोजन के लिए इस बीच जिला प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनाती के साथ आलाधिकारियों ने इस बीच हर स्थिति पर नजरें बनाए रखी। वहीं सभी परीक्षा केंद्रों को सुपर जोन में बांटकर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया।

सीसीटीवी कैमरों की निगरानी एवं कड़ी




सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की कराई जा रही पीईटी परीक्षा मुजफ्फरनगर जिले के 22 केंद्रों पर प्रथम दिन शांतिपूर्वक संपन्न हुई। पुलिस की कड़ी निगरानी और सघन तलाशी के बाद परीक्षा केंद्रों पर इस बीच सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश मिला। अभ्यर्थी प्रवेश केंद्रों पर पेपर शुरू होने से 1 घंटा पूर्व ही पहुंच गए। इस दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र के साथ फोटो आईडी के मिलान के बाद ही प्रवेश दिया गया। आयोग के निर्देश पर पीईटी की परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष, नकलविहीन, सकुशल व निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध दिखाई दिया। इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत कड़े प्रबंध किए जाने के साथ परीक्षा केंद्रों का आलाधिकारियों ने केंद्रों पर पहुंच व्यवस्थाओं को परखा। इस बीच डीएम उमेश मिश्रा एवं एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा एसडी इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज के साथ ही मेरठ रोड स्थित जैन कन्या

शेष पृष्ठ -4 पर

## उत्तराखंड में फिर फटा बादल: उत्तरकाशी में उफान पर नाला, घरों-दुकानों में घुसा पानी

**उत्तरकाशी, 06 सितम्बर (एजेंसी)। उत्तरकाशी जनपद के नौगांव बाजार के स्योरी फल पट्टी में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। एक आवासीय भवन गदेरे के मलबे में दब गया। आधा दर्जन से भी अधिक भवनों में पानी भर गया है। देवलसारी गदेरे में एक मिक्चर मशीन और कुछ दुपहिया वाहनों के बहने की भी सूचना है। एक कार भी मलबे में दब गई है। खतरे को देखते हुए कई लोग अपने घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। इससे पहले खबर आ रही थी कि नौगांव के बीच बहने वाला नाला अतिवृष्टि के कारण उफान पर आया है,**



**जिसके कारण कई दुकानों और घरों में पानी घुस गया। वहीं सड़क पर खड़े कई दोपहिया वाहन बह गए। उत्तराखंड के चार पर्वतीय जिलों में भूकंप से भूस्खलन का बड़ा खतरा है। इनमें रुद्रप्रयाग सबसे अधिक संवेदनशील है। पहली बार आईआईटी रुड़की के आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञों ने जिलावार अध्ययन करके भूकंप से भूस्खलन के खतरों पर शोध रिपोर्ट जारी की है, जो दो अगस्त को ही अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुई है। उत्तराखंड के चार पर्वतीय जिलों में भूकंप से भूस्खलन का बड़ा खतरा है। इनमें रुद्रप्रयाग सबसे अधिक संवेदनशील है। पहली बार आईआईटी रुड़की के आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञों ने जिलावार अध्ययन करके भूकंप से भूस्खलन के खतरों पर शोध रिपोर्ट जारी की है जो दो अगस्त को ही अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुई है।**

## चन्द्रग्रहण आज रात्रि 11 बजे, किन राशि वालों को देगा लाभ जानें -

चंद्र ग्रहण 7 सितंबर रात्रि 11:00 बजे शुरू होकर 01:27 पर समाप्त होगा मेष राशि बहुत अच्छी जाएगी वृष राशि में मिश्रित फल मिलेगा मिथुन राशि पॉजिटिव



रहेगी रुका हुआ फल मिलेगा कर्क राशि में प्रतिकूल फल और तनाव रहेगा सिंह राशि में नौकरी से लाभ व्यवसाय में लाभ रहेगा कन्या राशि में बच्चों के लिए बहुत अच्छा है एग्जाम पास होगा और शुभ रहेगा तुला राशि विवाद से बच्चे वृश्चिक राशि भूमि लाभ गृहस्थ जीवन में लाभ और नई भूमि का योग है धनु राशि पॉजिटिव रहेगी और भाग्य अच्छा साथ देगा मकर राशि धन से संबंधित कोई भी कार्य सोच समझकर करें नुकसान हो सकता है कुंभ राशि मानसिक उत्पीड़न होगा तनाव रहेगा व्यक्तित्व पर ध्यान दें, मीन राशि सोच समझकर कार्य करें।

- ग्रहण के समय सवा 2 किलो चावल, सवा किलो चीनी रखकर दीपक जलाकर ध्यान लगाकर चन्द्रमा के जाप करे। ॐ सोम सोमाय नमः 7 माला या 11 माला जाप करना है और चंद्रमा ग्रह को नमन करना है।
- अपने बच्चों के लिए बच्चों की माता यह पूजा कर सकती हैं। यह चावल और चीनी सुबह पण्डित जी को देनी है।
- जिन जातकों की जन्म राशि कुम्भ एवं बोलते नाम की कुंभ राशि है वह जातक चन्द्रमा की पूजा, जाप अवश्य करें एवं सफेद वस्तुओं का दान सोमवार की सुबह करें।

**प्रस्तुति संजय सक्सेना**

## ट्रम्प के भारत को लेकर बदले सुर, बोले- भारत के साथ रिश्ते रीसेट करने को तैयार

**मोदी के लेकर कहा- हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा, पीएम ने कहा- उनके विचारों की सराहना करता हूं**

**नई दिल्ली, 06 सितंबर (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शुक्रवार को भारत के खिलाफ दिए गए अपने बयान पर करीब 12 घंटों के अंदर ही बैकफुट पर चले गए। उन्होंने शाम 6-7 बजे के बीच व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक सवाल पर कहा- 'मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा। भारत के साथ सम्बंधों को रीसेट करने के लिए हमेशा तैयार हूं।' इससे पहले शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उन्होंने सोशल मीडिया ट्रुथ पर लिखा था, 'ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा।' वहीं, शनिवार को 9:45 बजे पीएम मोदी ने ट्रम्प के बयान को शेयर करते हुए एक्स पर लिखा- राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनके विचारों की तहे दिल से सराहना करता हूं और



उनका पूर्ण समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा- भारत-अमेरिका के बीच एक पॉजिटिव और दूरदर्शी रणनीतिक साझेदारी है। प्रेस ब्रीफिंग में ट्रम्प ने भारत और दूसरे देशों के साथ चल रही व्यापार बातचीत को अच्छा बताया, लेकिन यूरोपीय संघ के गूगल पर 3.5 अरब डॉलर का जुर्माना लगाने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा उन्होंने साफ किया कि वे भारत के रूसी तेल खरीदने के कारण निराश हैं। उन्होंने कहा- 'हमने भारत पर इसके लिए 50% का भारी टैरिफ लगाया है।' पीएम मोदी की ट्रम्प को लेकर दिए प्रतिक्रिया पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, 'पीएम मोदी अमेरिका के साथ हमारी साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। जहां तक राष्ट्रपति ट्रम्प का सवाल है, उनके (पीएम मोदी) ट्रम्प के साथ हमेशा से बहुत अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा- फिलहाल मुद्दा यह है कि हम अमेरिका के साथ जुड़े हुए हैं। जयशंकर ने इससे ज्यादा कुछ भी कहने से इनकार किया।

# दिल्ली के कई इलाकों में पानी भरा, यूपी के मथुरा में कॉलोनियां डूबीं

**नई दिल्ली, 05 सितंबर (एजेंसी)।** दिल्ली में शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामी नारायण मंदिर परिसर में 5 फीट तक पानी भर गया था। उत्तर प्रदेश के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में यमुना का पानी घुस गया है। आगरा में ताजमहल की बाउंड्री तक यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया। इससे बाइक-कार डूब गईं। उत्तराखंड में शनिवार से चार धाम यात्रा फिर से शुरू हो गई है। सरकार ने खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण 1 से 5 सितंबर के बीच यात्रा रोकी दी थी। आज से चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू किया गया है। वहीं हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन में मरने वालों की संख्या 360 तक पहुंच गई है। इसमें 197 लोगों की मौत बारिश, बाढ़ या लैंडस्लाइड और 163 लोगों



की मौत सड़क हादसों में हुई। एसडीएमए ने शनिवार को अपनी सुबह की रिपोर्ट में बताया कि राज्य में तीन राष्ट्रीय नेशनल हाईवे सहित 1,001 सड़कें बादल फटने, लैंडस्लाइड और अचानक आई बाढ़ के कारण बंद हैं। पिछले 24 घंटों में हुई भारी बारिश के कारण कई जिलों में सड़कें फिर से बंद हो गई हैं। कुल्लू में 225, मंडी में 205, शिमला में 212 और चम्बा में 166 सड़कें सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। वहीं पंजाब के 23 जिलों के 1900 गांव लगभग 12 दिनों से बाढ़ की चपेट में हैं। इससे 3.84 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में अब तक 43 लोगों की जान जा चुकी है। करीब 1.72 लाख हेक्टेयर में लगी फसल बर्बाद हो गई है। पंजाब में अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड के कारण जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग और सिंथन रोड वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। कठुआ से कश्मीर तक करीब 3700 से ज्यादा वाहन फंस गए हैं। श्रीनगर और बडगाम में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार 11 दिन से बंद है। 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी।

**आवश्यकता है**

जानसठ रोड पर

ब्राण्डेड प्ले स्कूल

हेतु

स्थान/कोठी की

आवश्यकता है।

न्यूनतम क्षेत्रफल 4000 वर्गफुट

रुचि रखने वाले कृपया सम्पर्क करें :

क्षेत्र : जानसठ फ्लाई ओवर, निकट मालवीय चौक, महावीर चौक से वर्धमान अस्पताल या ए टू जेड रोड तथा आसपास के क्षेत्र में।

सम्पर्क करें - 9897791913

# खूनी संघर्ष के मामले में छह आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चरथावल, 06 सितम्बर (बु.)।** ग्राम सिकंदरपुर में दो दिन पूर्व बच्चों के विवाद को सुलझाने को बुलाई पंचायत के दौरान लाठी-डंडों से मारपीट करने के छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि कई दिन पूर्व ग्राम सिकंदरपुर गांव के कुछ बच्चों के बीच मामूली विवाद हो गया था। इसी विवाद को निपटाने के लिए शुक्रवार को पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत के दौरान पहले तो दोनों पक्षों में बातचीत हुई, लेकिन देखते ही देखते कहासुनी तेज हो गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इस दौरान एक पक्ष ने लाठी-डंडों, धारदार हथियारों और पत्थरों से दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमले में एक पक्ष के तीन लोग और दूसरे पक्ष का एक व्यक्ति घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल गांव में पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि सुकपाल की तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर गांव से छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जयकुमार पुत्र बाबूराम, रविंदर पुत्र सतपाल, नरेंद्र पुत्र श्रीचंद, विवेक पुत्र योगेंद्र, हर्ष पुत्र कवरपाल और अक्षय पुत्र रविंदर के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# माफी के कुछ ही घंटों के अंदर अशोक सिद्धार्थ की बसपा में वापसी, मायावती ने कहा- पार्टी में वापस लिया जाता है



## यूपी पॉलिटिक्स में मचा तहलका
## नेताजी ने हाथ जोड़ मांगी माफ़ी

**लखनऊ, 06 सितंबर (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राजनीति में एक बार फिर सुलह और वापसी की चचाओं ने जोर पकड़ लिया है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती से शनिवार को बसपा के पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली है। खास बात यह है कि अशोक सिद्धार्थ बसपा सुप्रीमो के भतीजे आकाश आनंद के ससुर भी हैं। उन्होंने ऐसे समय पर मांफी मांगी है, जब उनके दामाद आकाश आनंद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक बन गए हैं। यह पद पार्टी में दूसरे नंबर का पद बताया जा रहा है। माफी मांगने के कुछ घंटों बाद ही मायावती ने उनको पार्टी में वापस ले लिया है। इसकी जानकारी मायावती ने अपने एक्स हैंडल के जरिए दी। बसपा के पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया पर लंबा पोस्ट लिखते हुए मायावती से अपने किए गए कामों के लिए क्षमा मांगी है। उन्होंने लिखा कि पार्टी में काम करते हुए उनसे जाने-अनजाने में और गलत लोगों के बहकावे में आकर गलतियां हुई हैं। उसके लिए हम बहन जी से हाथ जोड़कर माफी मांगते हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में मायावती की तुलना एक समाज सुधारक से करते हुए लिखा कि उन्होंने पूरी जिंदगी दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए संघर्ष में झोंक दी है, इसीलिए वे उनके चरणों में नतमस्तक हैं और आगे पार्टी के अनुशासन में रहकर ही काम करेंगे। अशोक सिद्धार्थ ने यह भी स्पष्ट किया कि वे अपनी रिश्तेदारी या किसी अन्य निजी संबंध का कभी नाजायज फायदा नहीं उठाएंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने उन नेताओं का नाम लेकर भी भरोसा दिलाया, जिनको बसपा से निष्कासित किया गया है। उन्होंने साफ कहा कि चाहे महाराष्ट्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संदीप ताजने हों या फिरोजाबाद निवासी हेमंत प्रताप, वे कभी भी उनकी पार्टी में वापसी की सिफारिश नहीं करेंगे।

# 115वें रामलीला मंचन के आयोजन को लेकर पूजा-अर्चना की



**खतौली, 06 सितम्बर (बु.)।** श्रीरामलीला कमैटी ठाकुरद्वारा बड़ा बाजार के तत्वावधान में होने वाले 115वें रामलीला मंचन के आयोजन को लेकर पूजा-अर्चना के पश्चात विधिवत हनुमान जी के ध्वज की स्थापना धार्मिक जयघोष के साथ की गयी। मिली जानकारी के अनुसार श्रीरामलीला कमैटी के तत्वावधान में सेठ रामस्वरूप पालीवाल ठाकुरद्वारा ट्रस्ट में आगामी 17 सितम्बर दिन बुधवार से होने वाले 115वें रामलीला मंचन धार्मिक कार्यक्रम को लेकर शनिवार को ठाकुरद्वारा ट्रस्ट में पंडित श्रीनिवास शर्मा ज्योतिषाचार्य के सानिध्य में पूजा अर्चना करायी गई, जिसमें रामलीला कमैटी पदाधिकारियों सहित नगर के गणमान्य लोगों सहित श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कमैटी के प्रधान सेठ गणेश शंकर पालीवाल व मंत्री राजेन्द्र जैन ककराला ने बताया कि हर्ष का विषय है कि प्रत्येक वर्ष ठाकुरद्वारा ट्रस्ट में रामलीला का भव्य मंचन विधिवत सम्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन में नगर क्षेत्र के सभी वर्गों के द्वारा सहभागिता निभाई जा रही है, जो आपसी भाईचारे की एक ऐतिहासिक मिसाल है। उन्होंने कहा कि रामलीला के मंचन के माध्यम से जहां जन-जन तक मर्यादा का संदेश जाता है, वहीं रामलीला ही एक ऐसा मंचन है, जिसका प्रत्येक पात्र मानव के लिए शिक्षाप्रद है। इसके पश्चात पूजा-अर्चना के साथ रामलीला भवन पर भगवान हनुमान का ध्वज धार्मिक जयघोष के साथ स्थापित किया गया। धार्मिक आयोजन के दौरान रामलीला कमैटी प्रधान गणेश शंकर पालीवाल, मंत्री राजेन्द्र जैन, पूर्व प्रधानाचार्य वेद प्रकाश अग्रवाल, कुलबीर कर्णवाल, दुष्यन्त शर्मा अन्नु, बृजभूषण विश्वकर्मा, आदर्श नागर, रामकिशन सैनी पूर्व सभासद, मनोज सैनी, सूर्य प्रकाश पालीवाल, पंडित हितेश शर्मा, नवीन गुप्ता, कन्हैया मित्तल, ऋषि पटेल, रजनीश शर्मा, अनिल त्यागी, मोहन शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# तालिबान के विदेश मंत्री का नहीं होगा भारत दौरा

## – पाकिस्तान ने यूएनएससी में बैठकर अड़ाई टांग




**नई दिल्ली, 06 सितंबर (एजेंसी)।** तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने इस महीने होने वाली अपनी प्रस्तावित भारत यात्रा रद्द कर दी है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधों के तहत लगाए यात्रा प्रतिबंध से छूट न मिलने के बाद काबुल के तालिबान प्रशासन ने यह फैसला लिया है। अंगर यह यात्रा होती, तो अगस्त 2021 में काबुल की सत्ता पर कब्जा करने के बाद भारत की यात्रा करने वाले तालिबान के पहले मंत्री होते। काबुल की सत्ता पर कब्जा करने के बावजूद संयुक्त राष्ट्र ने तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने तालिबान नेताओं पर यात्रा प्रतिबंध लगा रखा है। तालिबान नेताओं को विदेश यात्रा करने के लिए छूट हासिल करनी होती है। मामले से परिचित लोगों का कहना है कि ऐसा माना जाता है कि तालिबान विदेश मंत्री को छूट देने से इनकार करने के पीछे इस्लामाबाद का हाथ है। पाकिस्तान इस समय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1988 प्रतिबंध समिति का प्रमुख है। यह समिति प्रतिबंधित तालिबान नेताओं से संबंधित यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति जब्त करने और हथियार प्रतिबंध के कार्यान्वयन की देखरेख करता है। पाकिस्तान इस समय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है। 1988 की प्रतिबंध समिति में सुरक्षा परिषद के सभी 15 सदस्य शामिल होते हैं और अगर किसी एक सदस्य के आपत्ति जताने पर छूट रोकी जा सकती है। इसके पहले पिछले मुत्ताकी की पाकिस्तान यात्रा प्रस्तावित थी। तब कथित तौर पर अमेरिका ने छूट पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद यात्रा रद्द कर दी गई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में मुत्ताकी की भारत यात्रा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं, अफगानिस्तान के लोगों के साथ हमारे लंबे समय से संबंध हैं। भारत अफगान लोगों की आकांक्षाओं और विकास संबंधी जरूरतों का समर्थन करता रहेगा।'

# शाहपुर में राहत सामग्री से भरे वाहन को विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## – नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम कुरैशी के नेतृत्व में इकट्ठा की गई पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए लाखों की खाद्य सामग्री





**शाहपुर, 05 सितम्बर (बु.)।** शाहपुर नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम कुरैशी के नेतृत्व में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए एकत्रित की गई राहत सामग्री के पैकेट से भरे वाहन को आज रात रालोद विधान मंडल दल के नेता, क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान ने नगर पंचायत कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी हाजी शाहिद त्यागी, पूर्व प्रधान मुरसलीन राईन, अमीर आजम खान, सभासद सोनू सैनी, मनोज सैनी, आदिल खान, वकीला बेगम, अब्दुल कलाम अंसारी, बुद्ध प्रकाश, रेनू कमार, इस्लाम मलिक, मनोज अरोड़ा, मोहसिन रंगरेज, विशाल गर्ग एवं सतीश पाल आदि सभासद एवं नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे। उधर दूसरी ओर सामाजिक संस्था श्री आदर्श सेवा समिति द्वारा बाढ़ पीड़ित क्षेत्र पंजाब में मदद के लिए जन सहयोग से सामग्री एकत्र की है। कस्बे में सामाजिक संस्था के रूप में कार्यरत श्री आदर्श सेवा समिति प्रत्येक वर्ष कावड़ियों के लिए निःशुल्क सेवा शिविर लगाती है तथा समय-समय पर समाज में विभिन्न कार्यक्रम कर धार्मिक एवं सामाजिक कार्य करती है। इसी कड़ी में हाल ही में देवीय आपदा आने पर बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र पंजाब को तहस-नहस कर दिया है और वहां का जनजीवन पूरी तरह से अस्तव्यस्त हो गया है। उस क्षेत्र में वहां के नागरिकों को मदद करने के उद्देश्य से आज समिति के सदस्यों अनिल सैनी, मां वरुण सैनी, सोनू सैनी सभासद, अनिल बालियांन, डॉ. अनुज अग्रवाल आदि ने विचार विमर्श के बाद राहत सामग्री एकत्र करनी प्रारंभ कर दी है। समिति को गांव पलड़ा, कमालपुर और पलड़ी से भी राहत सामग्री युवाओं द्वारा एकत्र कर-के दी गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि गांव पलड़ी, पलड़ा, कमालपुर से राहत सामग्री में मुस्लिम समाज में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है और मुस्लिम समाज के लोगों ने भी राहत सामग्री अपनी ओर से दी है, जिन युवाओं ने राहत सामग्री एकत्र करके दी है। उनमें आलोक वर्मा, गुरजीत सिंह, नीरज प्रजापत, सुनील प्रजापत, कन्हैया, हर्षित, शिवम, आदित्य, गुरनाम, अजय, दीपांशु, वंश, टुकटुक, आलोक आदि मुख्य रूप से रहे। पंजाब में आई भयानक बाढ़ में वहां के नागरिकों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है और वहां के नागरिकों के समक्ष जीवन चलाना दूभर हो गया है। इस देवीय आपदा में पंजाब के नागरिकों की मदद करने को नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने नगर पंचायत बोर्ड के सभी सदस्यों कर्मचारियों से विचार-विमर्श के बाद नगर के नागरिकों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत सामग्री भेजने की अपील की, तो लोगों ने बड़ा दिल दिखाते हुए तत्काल ही अध्यक्ष के आह्वान पर नगर पंचायत के दो कमरों को सामान से पूरी तरह से भर दिया।

आज सुबह नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने नगर पंचायत सदस्यों आदिल खान, सोनू सैनी, वकीला बेगम, मनोज सैनी, मनोज अरोड़ा, सतीश पाल, अब्दुल कलाम अंसारी, आसिफ सलमानी, रेनू कुमार, बुद्ध प्रकाश, मोहसिन रंगरेज, विशाल गर्ग से विचार-विमर्श कर नगर पंचायत के समस्त स्टाफ को बुलवाकर सामर्थ्य अनुसार राहत सामग्री में सहयोग करने की अपील की। कुछ देर बाद नगर पंचायत के चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी ने माइक में स्वयं एनाउंस कर कस्बेवासियों से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की, तो कस्बे के छोटे बड़े सभी दुकानदारों ने बड़ा दिल दिखाते हुए नगर पंचायत कार्यालय को कुछ ने नगद तो कुछ ने भारी मात्रा में खाद्यान्न सामग्री नगर पंचायत कार्यालय में भेज दी। बड़ी मात्रा में नेशनल प्रॉपर्टी डीलर स्वयं अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, सभासद सोनू सैनी, मनोज सैनी, आदिल खान, वकील बेगम के अलावा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सचिन संगल तथा अन्य व्यापारियों ने व सब्जी विक्रेताओं ने भी नगर पंचायत कार्यालय में खाद्य सामग्री की अपने सामर्थ्य के अनुसार आपूर्ति कर दी। आज रात में ट्रक के माध्यम से यह सामग्री पंजाब जाएगी। इस खाद्य सामग्री में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन, वरिष्ठ लिपिक सतीश पवार व मो. वसीम आदि ने भी अपना भरपूर सहयोग दिया।

# गोगा जी की महाड़ी पर श्रद्धालुओं ने निशान व प्रसाद चढ़कर मन्नतें मांगी



**शाहपुर, 06 सितम्बर (बु.)।** कस्बे में श्री जाहरवीर गोगा जी की महाड़ी पर कस्बे व क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने निशान व प्रसाद चढ़कर मन्नतें मांगी। कस्बे में श्री जाहरवीर गोगा जी की महाड़ी पर शुक्रवार को त्रयोदशी पर कस्बे व क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ श्री जाहरवीर गोगा जी की महाड़ी पर निशान व प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। वहीं श्रद्धालुओं ने महाड़ी परिसर में स्थित गुरु गोरखनाथ जी की प्रतिमा पर भी प्रसाद चढ़ाया। इसके अलावा निशान व प्रसाद चढ़ाने आए श्रद्धालुओं ने महाड़ी के पास लगे मेले में खिलौने, श्रृंगार का सामान, प्लास्टिक, कांच व स्टील के सामान की जमकर खरीदारी की। इसके अलावा महिलाओं, पुरुष व बच्चों ने चाट, पकौड़ी, जलेबी, चाऊमीन व बर्गर आदि का भी लुत्फ उठाया। वहीं विभिन्न श्रद्धालुओं ने श्री जाहरवीर गोगा जी की महाड़ी पर भंडारा आयोजित किया, जिनमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था बनाने में समिति के अध्यक्ष रविंद्र सैनी, सोनू सैनी, मनोज कश्यप, अंजू सैनी, राधेश्याम नामदेव, रामकुमार, सुनील प्रजापति, राकेश कश्यप, राजा सैनी व निपुण सैनी आदि का सहयोग रहा।

# पी.आर.पब्लिक स्कूल में उत्साह से मनाया गया शिक्षक दिवस



**मुजफ्फरनगर, 06 सितम्बर (बुस.)।** मुजफ्फरनगर के पचेंडा रोड स्थित पी.आर पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल और प्रधानाचार्य अनघ सिंघल के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बच्चों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में अनेक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिन में राजस्थानी डांस, पंजाबी डांस, हास्य नाटिका, कविता वाचन आदि शामिल रहे। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों के लिए एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कई पुरस्कारों वाले खेल और उसके बाद भोज का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने प्रत्येक छात्र के समग्र विकास में उत्प्रेरक भूमिका निभाने के लिए शिक्षकों के ईमानदार प्रयासों की सराहना करते हुए कहा-आज का दिन भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित है। वे एक महान शैक्षणिक दार्शनिक और सबसे प्रसिद्ध राजनयिकों में से एक, भारत के विद्वान-राष्ट्रपति और सबसे बढ़कर एक शिक्षक थे। इस महान शिक्षक को श्रद्धांजलि स्वरूप, उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा- शिक्षक ही हैं, जो बिना किसी भेदभाव और निस्वार्थ भाव से हमें शिक्षा के साथ-साथ अच्छे और बुरे का फर्क समझाते हैं। शिक्षक किताबों का ज्ञान तो देते ही हैं, साथ ही वे जीवन के मूल्य और संस्कार भी सिखाते हैं। यही वजह है कि शिक्षक को समाज निमार्ता कहा जाता है। आज के कार्यक्रम के संचालन में दिव्या शर्मा, प्रवीण कुमार, अनुपम सैनी, प्रज्ञा सिंधि, दीपक मलिक, शिखा ठाकुर आदि का सहयोग रहा।

# वरिष्ठ अधिवक्ता आमोद कुमार त्यागी का देर रात हुआ निधन



**मुजफ्फरनगर, 06 सितम्बर (बुस.)।** नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता आमोद कुमार त्यागी का शनिवार देर रात निधन हो गया। उनके निधन की सूचना जैसे ही शहर के लोगों को पता चली तो उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भीड़ जमा हो गयी। आपको बता दें कि स्व. वरिष्ठ अधिवक्ता आमोद कुमार त्यागी सबके दुःख-सुख में साथ रहने वाले, हसमुख स्वभाव और मधुरभाषी थे। उनके निधन से अधिवक्ता समाज ने एक अमूल्य व्यक्तित्व खो दिया है। सभी ने ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने और परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान की कामना की है।

## सूचना

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम MANI PRBHA JAIN लिखा हुआ है, जबकि मेरे आधार कार्ड एवं सभी डॉक्यूमेंट में मेरा सही नाम MANI PRABHA JAIN है। कृपया पासपोर्ट में मेरा सही नाम MANI PRABHA JAIN दर्ज करने का कष्ट करें। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

मनी प्रभा जैन पत्नी राजेश कुमार जैन
464- संजय मार्ग, पटेल नगर,
नई मंडी, मुजफ्फरनगर

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र वेद का नाम बदलकर अविरल रख लिया है। अब भविष्य में उसे अविरल के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

कमल किशोर (पिता)
पिंकी (माता)
निवासी- ग्राम- मोर माजरा,
थानाभवन (शामली)

# आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में भारत विकास परिषद (संकल्प) द्वारा गुरू वंदन छात्र अभिनंदन एवं निशुल्क मैडिकल कैंप का सफल आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 06 सितम्बर (बुस.)।** आज आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में "गुरू वंदन छात्र अभिनंदन एवं निःशुल्क मैडिकल कैंप का भव्य आयोजन" किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रेरणा मित्तल (प्रधानाचार्या श्रीराम कॉलेज)के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यालय के अध्यापकों (प्रीति गर्ग एवं महिमा)को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में निशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों का दांत एवं नेत्र परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क परामर्श और दवाइयां वितरित की गई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों और शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हैं बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का भी एक माध्यम है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णु स्वरूप, अवनीश गोयल, सुभाष चंद्र गुप्ता एवं अन्य सभी का विशेष योगदान रहा। अंत में स्कूल की प्रधानाचार्य सोनिका आर्य ने सभी अतिथियों एवं चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।





# गणपति की मूर्ति के विसर्जन के साथ महोत्सव का समापन



**भोपा, 06 सितम्बर (बु.)।** गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के नारों के बीच गणपति जी के विसर्जन के बाद कस्बे में चल रहे श्री गणेश जी के विशाल महोत्सव का समापन हो गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने गणपति जी के दर्शन कर मन्नते मांगी और पूजा-अर्चना की। गणपति विसर्जन के बाद सभी श्रद्धालु जयकारों के बीच गणपति जी की अगले वर्ष दोबारा आने की कामना करते हुए अपने घरों को लौट गए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु भारी पुलिस बल तैनात रहा। कस्बा भोपा के भूमिया मंदिर पर बीते दस दिनों से गणेश महोत्सव के कार्यक्रम चल रहे थे। मंदिर में श्रीगणेश सेवा समिति व ग्रामीणों के सहयोग से विशाल गणेश प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसी के साथ साथ कस्बे की पैट्रोल पंप वाली गली में भी श्रद्धालुओं ने मंदिरों व अपने घरों में गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की थी और दस दिनों से प्रतिदिन श्रद्धालु गणेश जी की पूजा-अर्चना कर रहे थे। शनिवार को सैंकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा के रूप में गणेश जी की प्रतिमा को रथ में सजाकर कस्बे की परिक्रमा करते हुए देर शाम भोपा गंगनहर पुल के पास मूर्तियों का विसर्जन किया। विसर्जन के दौरान चल रही शोभायात्रा में श्रद्धालु रंग गुलाल से होली खेल रहे थे। इससे पूर्व प्रतिदिन सुबह-शाम भूमिया मंदिर में मंगल आरती व प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। मंगलवार को श्री गणेश के जयकारों के बीच मूर्ति का विसर्जन किया गया। उसके बाद श्रद्धालु गणेश जी के अगले वर्ष फिर आने की कामना करते हुए अपने घरों को लौट गए। कार्यक्रम में श्री गणेश सेवा समिति के दिवाश उर्फ बंटी, उदित राठी, सचिन, विपुल, सुमित, प्रदीप वालिया, अर्जुन, अनुज वालिया, नितिन, जग्गू, अंकित शर्मा, पारुल शर्मा, प्रदीप, आर्यन राठी, अंचित राठी, रूपेश प्रजापति, तरुण कुमार, सीनू अग्रवाल, रोहित, कुणाल वालिया, अभिषेक सैनी, हरिराम, रूबी जैन, शर्मा प्रजापति आदि सहित सैकड़ों युवाओ का सहयोग रहा।

# कस्बे में श्री गणेश की शोभायात्रा निकाली

**जानसठ, 06 सितम्बर (बु.)।** कस्बे में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान श्री गणेश की कस्बे के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पर कस्बे में कई जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने शुकतीर्थ पहुंच कर भगवान गणेश की मूर्ति का गंगा में विसर्जन किया। कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित शिव मंदिर में शनिवार की सुबह अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान श्री गणेश का हवन-यज्ञ पंडित हेमंत शर्मा के द्वारा किया गया। इसके बाद बैंड बाजों के साथ धूमधाम से भगवान श्री गणेश की शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद श्रद्धालु भगवान श्री गणेश की मूर्ति लेकर शुकतीर्थ पहुंचे, जहां पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश की आरती करने के उपरांत मूर्ति का विसर्जन किया। इस मौके पर अध्यक्ष अंकित भाटी, अश्वनी चौधरी, हिमांशु, रजनीश कश्यप, अर्जुन, राजकुमार कश्यप, चेतन, वीशू, रवि, गौरव, भोला भाई वैभव कंसल, टीनू, दीपक आदि मौजूद रहे।

# गुजरात के पंचमहल में बड़ा हादसा, पावागढ़ शक्तिपीठ में रोपवे टूटने से 6 लोगों की मौत

**अहमदाबाद, 06 सितंबर (एजेंसी)।** गुजरात के पंचमहल जिले में बड़ा हादसा हुआ है। प्रसिद्ध शक्तिपीठ पावागढ़ में शनिवार को मालवाहक रोपवे अचानक गिर गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। राहत-बचाव का कार्य शुरू कर दिया गया। पंचमहल के डीएसपी डॉ. हर्ष दुधात ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 3.30 बजे हुआ। इस रोपवे का इस्तेमाल पावागढ़ के मांची इलाके में मंदिर के लिए सामग्री पहुंचाने के लिए किया जाता है। मालवाहक रोपवे के ढह जाने से 6 लोगों की मौत हो गई। डीएसपी ने बताया कि मृतकों में 2 लिफ्ट ऑपरेटर, 2 कर्मचारी और 2 अन्य लोग शामिल हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। इस हादसे का बाद पावागढ़ में चल रहे विकास कार्यों पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। पावागढ़ शक्तिपीठ गुजरात के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीबीए द्वितीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित



**मुजफ्फरनगर, 06 सितम्बर (बुस.)।** आज एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुजफ्फरनगर में बीबीए द्वितीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिवार में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने की, जबकि बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने विशेष रूप से विद्यार्थियों को संबोधित किया। परिणाम घोषणा समारोह में संपूर्ण बीबीए विभाग के सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे। घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम स्थान पर अंत्रा गुप्ता ने 82.14% अंक अर्जित कर उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की। द्वितीय स्थान पर आस्था गर्ग ने 81% अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत का प्रमाण प्रस्तुत किया, वहीं तृतीय स्थान आदित्य मित्तल ने 79.29% अंक अर्जित कर प्राप्त किया। इस अवसर पर तीनों मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। परिणाम घोषित होने के बाद मंच से संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने कहा कि "आज हमारे विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर सफलता का नया आयाम स्थापित किया है। डॉ. मित्तल ने आगे कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा "आज का यह परिणाम केवल तीन विद्यार्थियों की उपलब्धि नहीं है, बल्कि पूरे विभाग के सामूहिक प्रयास और सहयोग का परिणाम है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण डॉ. संगीता गुप्ता, मौ. अंजर, संजय शर्मा, अभिषेक, सोनिका, पूर्वी, प्राची, और दीपक गर्ग ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे कार्यक्रम का संचालन विभाग के प्राध्यापकों द्वारा किया गया। अंत में प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल और विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने पुनः सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं।

# जान से मारने के मामले में फरार 2 वारंटियों को किया गिरफ्तार



**चरथावल, 06 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम दूधली से पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट एवं जान से मारने के मामले में फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए सभी वारंटियों को जेल भेज दिया है। सीओ सदर डॉ. रविशंकर के निर्देशन में वारंटियों की धरपकड़ हेतु पुलिस का अभियान लगातार जारी है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में दूधली चौकी प्रभारी मिलन चौधरी ने थानाक्षेत्र के ग्राम दूधली से घर में घुसकर मारपीट,गाली-गलौच एवं जान से मारने की धमकी के मामले में काफी दिनों से न्यायालय में पेश न होने पर फरार चल रहे 2 वारंटी अभियुक्तों सहेंद्र पुत्र साधू, महेन्द्र पुत्र साधु निवासीगण ग्राम दूधली थाना चरथावल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों वारंटी अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर मोदी को अच्छा दोस्त कहा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले भारत को चीन के हाथों खोने की बात कही और फिर कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'अच्छा दोस्त' बताया। प्रधानमन्त्री मोदी ने ट्रम्प की भावनाओं की तहे दिल से सराहना की और पूर्ण समर्थन की बात कही। दोनों के बयानों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि प्रधानमन्त्री मोदी अमेरिका के साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। एक ओर ट्रम्प पीएम मोदी को दोस्त बता रहे हैं और व्यक्तिगत संबंधों का हवाला दे रहे हैं। वहीं उनके सहयोगी लगातार भारत पर हमलावर हैं। अभी किसी ने कहा था कि इन दोनों की दोस्ती खत्म हो गयी है। अमेरिकी राष्ट्रपति का दोस्ती वाला बयान ऐसे समय पर आया है, जब भारत 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रहा है। ट्रम्प ने पीएम मोदी को 'ग्रेट प्राइम मिनिस्टर' बताया, लेकिन रूस से कच्चे तेल की खरीद पर निराशा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा। वह एक ग्रेट प्राइम मिनिस्टर हैं। मुझे निराशा है कि भारत रूसी तेल खरीद रहा है और मैंने उन्हें 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर इसे बता दिया है। विश्लेषकों का कहना है कि एक ही समय में दो विरोधाभासी बयान देना ट्रम्प की विदेश नीति है। ट्रम्प का अचानक बदलता रुख, पहले यह कहना कि भारत 'गहरे, अंधेरे चीन' की तरफ जा चुका है और फिर यह कहना कि अमेरिका और भारत के बीच 'बहुत खास रिश्ता' है, उनकी विदेशी नीति की लेन-देन वाली सोच को दिखाता है। ऐसे बयानों से वह एक साथ कई लोगों को संदेश दे पाते हैं। अपने देश में अपने समर्थकों को ताकतवर दिखते हैं और साथ ही अपने सहयोगी देशों से रिश्ते भी बनाए रखते हैं। ये विरोधाभासी बातें कोई गलती नहीं हैं बल्कि ट्रम्प की राजनीति का तरीका ही ऐसा है। उनके बयान अक्सर मीडिया में चर्चा, दबाव बनाने के इरादे से होते हैं। वह एक दिन सख्त बोलते हैं और अगले दिन बिना कोई सफाई दिए अपनी बात बदल सकते हैं। इस मामले में, पहले डराने वाला बयान एक तरह से दबाव बनाने के लिए था और बाद में दिया गया भरोसे वाला बयान रिश्ते ठीक रखने के लिए, ताकि वह कमजोर न दिखें। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर लिखा, मैं राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे रिश्तों के बारे में उनके सकारात्मक विचारों की सराहना करता हूं। भारत और अमेरिका के बीच बेहद सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक एवं वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। पीएम के पोस्ट के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी प्रतिक्रिया दी है। एस. जयशंकर ने कहा कि प्रधानमन्त्री मोदी अमेरिका के साथ हमारी साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं, जहां तक राष्ट्रपति ट्रम्प की बात है, उनके प्रधानमन्त्री मोदी के राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ हमेशा ही से बहुत अच्छे व्यक्तिगत संबंध रहे हैं, लेकिन मुद्दा यह है कि हमारी अमेरिका के साथ बातचीत चल रही है। इससे ज्यादा इस समय मैं और कुछ नहीं कह सकता हूं। पीएम मोदी की ओर से ट्रम्प को सकारात्मक जवाब देने के फैसले को सही कदम बताया जा रहा है। प्रधानमन्त्री मोदी ने कूटनीतिक तौर पर सही कदम उठाया है और ट्वीट का जवाब बेहतरीन कूटनीतिक अंदाज में दिया है, लेकिन ऐसा नहीं लगता कि इस समय ये दो ट्वीट कोई बड़ा फर्क.डालते हैं। दोनों नेताओं के बीच बातचीत के लिए एक फोन कॉल ज्यादा मजबूत पहल होती। सीधी बातचीत से यह साफ संदेश जाता कि अमेरिका-भारत रिश्ते कितने अहम हैं और मोदी राष्ट्रपति के साथ मिलकर उन्हें मजबूत करने के लिए तैयार हैं। इससे यह भी दिखता कि जहां ट्रम्प अहंकार से चलते हैं, वहीं मोदी व्यक्तिगत समीकरणों से ऊपर उठकर इस अहम साझेदारी को सुधारने और आगे बढ़ाने को तैयार हैं। पीटर नवारो ने भारत को लेकर अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट लिखी। उन्होंने लिखा,भारत की ऊंची टैरिफ दरें अमेरिकी नौकरियों पर असर डालती हैं। भारत सिर्फ.मुनाफा कमाने के लिए रूस से तेल खरीदता है और यह पैसा रूस की जंग मशीन को जाता है। अमेरिकी टैक्स देने वालों को और ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ रहा है। भारत सच्चाई नहीं मानता और बस कहानी घुमाता है। सवाल यह है, क्या रिश्तों के बारे में यह सकारात्मक बयान देने का मतलब यह भी है कि 50 प्रतिशत टैरिफ हटेंगे, जबरन डिपोर्टेशन रुकेंगे, वीजा पर रोक खत्म होगी, आउटसोर्सिंग और निवेश पर लगी पाबंदियां हटेंगी, ऑपरेशन सिंदूर जैसी बातों का जवाब मिलेगा? अमेरिका भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता। राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमन्त्री मोदी के रिश्ते अच्छे हैं। अमेरिका में भारतीयों का बड़ा डायस्पोरा भी है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति उनसे बात करते हैं, तो वह यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत अमेरिका के लिए मायने रखता है, लेकिन राष्ट्रपति होने के नाते कुछ मुद्दे हैं, जिन्हें उन्होंने उठाया है और अब उन्हें वापस लेना होगा, तभी भारतीय कंपनियां बिना दिक्कत और बिना किसी टैरिफ के अमेरिका को निर्यात कर पाएंगी। अमेरिका के वित्त मंत्री हावर्ड लुटनिक का कहना है कि भारत को अमेरिका और रूस में से किसी एक को चुनना होगा। लुटनिक ने कहा कि रूसी तेल खरीदना बंद करो। ब्रिक्स का हिस्सा बनना बंद करो। अमेरिका और डॉलर का साथ दो, वरना 50 प्रतिशत टैरिफ का सामना करो। प्रधानमन्त्री का बहुत ही सुंदर और संक्षिप्त जवाब अमेरिकी राष्ट्रपति को दिया गया है, जो दोस्ताना भी है। उम्मीद है कि यह दुनिया के दो सबसे अहम देशों के रिश्तों को बहाल करने के लिए लंबा रास्ता तय करने में मदद करेगा। लोग कहने लगे हैं कि लगता है सितंबर अगस्त से बेहतर रहेगा। भारत में कपड़ा, चमड़ा, झींगा, हैंडीक्राफ्ट और कई अन्य उद्योगों पर 50 प्रतिशत टैरिफ इसका असर दिखना शुरू हो गया है। कुछ उत्पादों को इससे छूट दी गई है, लेकिन अनुमान के मुताबिक भारत का अमेरिका को होने वाला 60 फीसदी से अधिक निर्यात इस 50 फीसदी टैरिफ से प्रभावित होगा। अमेरिका के अर्थशास्त्री राष्ट्रपति ट्रंप के इस कदम पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ ने इसे दमनकारी बताया है, तो कुछ का कहना है कि ये टैरिफ भारत को वैश्विक कारोबार में और बेहतर मौके तलाशने के लिए प्रेरित करेगा। कुछ अर्थशास्त्रियों में यह राय भी बन रही है कि अमेरिका को इस टैरिफ वॉर से नुकसान उठाना पड़ सकता है और उसके राष्ट्रीय हित भी प्रभावित हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि अगर भारत को अलग-थलग किया गया, तो वह ब्रिक्स जैसे दूसरे आर्थिक समूहों के साथ बेहतर कारोबारी संबंध बनाने की दिशा में आगे बढ़ेगा और इससे अमेरिकी प्रभाव कम हो सकता है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'आदत' 'गाली' 'कपड़ा' 'कैंची'

आदत ये अहमकाना है दानिशवरी नहीं,
गाली को इस जहान में गाली से काटना।
कपड़ा तभी सलीके से कट पाएगा सुनील,
कैंची को करके अपनी तू पैनी से काटना।







# नगर की सड़कों पर गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ..., के गूंजे जयघोष

## - विभिन्न स्थानों से निकली श्री गणपति जी की विसर्जन यात्रा - अबीर-गुलाल उड़ाने के साथ बैंडबाजों पर नाचे श्रद्धालु

मुजफ्फरनगर, 06 सितम्बर (बु.)। श्री गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ... और गणपति महाराज के गगनचुंबी जयघोष के बीच शनिवार को नगर मुख्यालय से गांव-देहात और कस्बों में अनंत चतुर्दशी पर हर ओर भक्ति और उत्साह का सैलाब उमड़ा दिखाई दिया। इस बीच हर कोई श्रद्धालु अपनी ही मस्ती में 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना' के जयघोष के साथ विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। इस बीच मंदिरों से घरों एवं धार्मिक आयोजन स्थलों के साथ सड़कों पर रंगोली, पुष्पवर्षा और ढोल-ताशों के साथ गंतव्य की ओर गणपति प्रतिमाएं विसर्जन के लिए निकाली गई। अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर शनिवार को देशभर के साथ ही जनपद की सड़कों पर 'ढोल-ताशों' की गूंज, रंग-बिरंगे गुलाल और गणपति के भक्तों की भीड़ ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस बीच सैकड़ों लोग बड़ी श्रद्धा से गणेश विसर्जन यात्रा में हिस्सा लेने के साथ प्यारे बप्पा को विदाई देने को सब कुछ छोड़कर सड़कों पर दिखाई दिए। बीते 11 दिनों से नगरीय क्षेत्र में कई मंडलों एवं धार्मिक संगठनों के साथ घरों की महिलाओं और बच्चों की ओर से संपन्न हुई श्री गणपति महोत्सव की समाप्ति के साथ ही प्रतिमाएं विसर्जन के लिए पंडालों से गंतव्य की ओर निकलीं। इस बीच हर ओर 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारे गूंज रहे थे। नगरीय क्षेत्र में इस बीच नई मंडी, गांधी कॉलोनी, कच्ची सड़क के साथ अन्य क्षेत्रों से मुख्य सड़कों पर जहां-जहां से खतौली गंग नहर, शुकतीर्थ व हरिद्वार धाम के लिए विसर्जन यात्राएं निकली, जहां श्रद्धालुओं की ओर से अबीर-गुलाल एक दूसरे पर लगाने के साथ रंगोली से सजावट की गई थी। इस बीच कुछ क्षेत्रों में विसर्जन यात्रा पर भक्तों द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए श्री गणपति विसर्जन यात्रा का स्वागत किया।

## दूसरे समुदाय के व्यक्तियों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया

शाहपुर, 06 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव सोरम निवासी एक बुजुर्ग महिला ने स्वामी यशवीर महाराज से मिलकर गांव के ही दूसरे समुदाय के व्यक्तियों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।

स्वामी यशवीर महाराज ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है। क्षेत्र के गांव सोरम निवासी बुजुर्ग महिला सावित्री शर्मा ने योग साधना यशवीर आश्रम बघरा के संस्थापक स्वामी यशवीर महाराज से मिलकर बताया कि गांव के ही दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने उसके घर में घुसकर मारपीट की। इस संबंध में उसने पुलिस को अवगत कराते हुए आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर भी दी, किंतु पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।

यशवीर महाराज ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर बुजुर्ग महिला को न्याय दिलाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वह गांव से बुजुर्ग महिला को किसी भी कीमत पर पलायन नहीं करने देंगे। उधर पुलिस ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर कार्यवाही करेगी।

## श्री रामलीला भवन नई मंडी से निकली ध्वज यात्रा



मुजफ्फरनगर, 06 सितम्बर (बु.)। श्री रामलीला भवन नई मंडी में 20 सितंबर से शुरू होने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीलाओं के मंचन से पूर्व शनिवार को श्री रामलीला भवन नई मंडी में धर्म ध्वज एवं हनुमान जी की पूजा-अर्चना एवं आरती के पश्चात भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम की लीलाओं के मंचन से पूर्व नई मंडी क्षेत्र में ध्वज यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए श्री रामलीला भवन नई मंडी में पहुंची। इससे पूर्व ध्वज यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा क्षेत्र में पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया गया। श्री रामलीला कमेटी नई मंडी के अध्यक्ष संजय मित्तल ने भव्य ध्वज यात्रा के दौरान बताया कि इस वर्ष नई मंडी में श्री रामलीला के मंचन को 99 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, कमेटी अगले वर्ष शताब्दी वर्ष मनाएगा। उन्होंने बताया कि श्री रामलीला का भव्य मंचन इस वर्ष मथुरा की श्री गिरिराज लीला संस्थान के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से कमेटी के मंत्री अशोक गर्ग, आदित्य भरतिया, राजीव अग्रवाल, कैलाश चंद ज्ञानी, बृज गोपाल छारिया, अशोक तायल, राजकुमार भीम, अभिषेक कुच्छल, कुलदीप शर्मा, प्रवीण कुमार एडवोकेट, उपेंद्र मित्तल, विद्युत गुप्ता, राजेश गोयल, संजय जिंदल काका, विनोद संगल, राकेश खंडेलवाल, विदित गुप्ता, प्रदीप जैन, श्याम सुंदर, शरद गोयल, विवेक बंसल, राजकुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



## पंजाब में आई बाढ़ के बाद मदद के लिए बढ़े हाथ, मुजफ्फरनगर के लोगों ने भेजी राहत सामग्री



मुजफ्फरनगर, 06 सितंबर (बु.)। पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस मुश्किल घड़ी में मुजफ्फरनगर के लोगों ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। उन्होंने पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों में बड़ी मात्रा में राहत सामग्री भेजी है। मुजफ्फरनगर की गांधी कॉलोनी स्थित गुरू सिंह सभा द्वारा भेजी गई राहत सामग्री में सूखा राशन, पीने का पानी, कपड़े, दवाएं और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। इन सभी को सावधानीपूर्वक पैक करके ट्रकों के माध्यम से भेजा गया। इस पहल में कई सामाजिक संगठनों, धार्मिक समूहों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों का कहना है कि यह केवल मानवीय फर्ज नहीं, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को भी दर्शाता है। इसी क्रम में, खतौली के लोग भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी अपने स्तर पर राहत सामग्री जुटाकर पंजाब भेजी है। खतौली के एक स्थानीय निवासी ने बताया, "जब हमने टीवी पर पंजाब के लोगों की दुर्दशा देखी, तो हम चैन से नहीं बैठ सके। हम सभी ने मिलकर इस नेक काम में योगदान दिया और उम्मीद है कि हमारी छोटी सी कोशिश भी उन लोगों के दर्द को कम करने में मदद करेगी।"

## भारत-नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीन

### - नेपाली पीएम ओली ने मुद्दा उठाया, जिनपिंग बोले- आपका आपसी मामला



नई दिल्ली, 06 सितंबर (एजेंसी)। चीन ने भारत और नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में पड़ने से इनकार कर दिया है। नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के मुताबिक जिनपिंग ने कहा है कि लिपुलेख एक पारंपरिक दर्रा है। चीन नेपाल के दावे का सम्मान करता है, लेकिन यह विवाद भारत और नेपाल का द्विपक्षीय मसला है। इसे दोनों देशों को आपसी बातचीत से सुलझाना चाहिए। नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली 31 अगस्त से 1 सितंबर तक एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति के सामने लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। ओली ने कहा था कि यह इलाका नेपाल का हिस्सा है और भारत-चीन के बीच हुए हालिया सहमति पर नेपाल ने आपत्ति दर्ज कराई है। दरअसल, 19 अगस्त को भारत और चीन ने लिपुलेख पास को ट्रेड रूट के तौर पर फिर से खोलने का फैसला किया था। इस पर नेपाल ने विरोध जताया था। नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है, जबकि भारत इन्हें लंबे समय से अपने हिस्से में मानता है। आपको बता दें कि नेपाल के पीएम ओली 16 सितंबर को भारत दौरे पर आएंगे। इससे पहले भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी रविवार, 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचे थे। मिसरी ने प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की थी। बैठक में भारत-नेपाल संबंधों को मजबूत करने, कनेक्टिविटी, व्यापार और विकास सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी। ओली के भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ अहम समझौते होने की संभावना है। पिछले साल जुलाई में ओली के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनका भारत दौरा लगातार टलता रहा है।

किराये हेतु
गोदाम खाली है
5400 Sq Feet
6500 Sq Feet
जानसठ रोड बाईपास से 2 किमी. दूरी पर।
सम्पर्क करें-
M.9557524184

आवश्यकता है
दो फीमेल
कम्प्यूटर ऑपरेटर की,
जिन्हें बेसिक कम्प्यूटर,
डाटा एन्ट्री, एक्सेल और
हिन्दी-इंग्लिश टाईपिंग
का ज्ञान हो।
सम्पर्क करें-
M.:9358232151

Shri Girdhari Lal Jain
Memorial Public School
73, Prempuri, Near Idgah, Muzaffarnagar (M. 9012205377)
(An Anglo- Indian School)
REQUIRES
Female Teachers for the following
Subjects for III to VIII classes.
1. Hindi 4. Mathematics
2. Social Studies 5. Science
3. English 6. Computer
7. Teachers for Nursery class
Walk- in with a self written application
between 9 AM to 12 NOON.
जानसठ रोड निवासी ड्राइवर की भी आवश्यकता है।

## शाहपुर में जैन समाज द्वारा अनंत चतुर्दशी पर भव्य रथयात्रा का आयोजन

### - आकर्षण का केंद्र बनी ऑपरेशन सिंदूर की झांकी



शाहपुर, 06 सितम्बर (बु.)। कस्बे में अनन्त चतुर्दशी व आचार्य शांति सागर छाणी जी महाराज के दीक्षा दिवस के अवसर पर सकल जैन समाज के तत्वावधान में भव्य रथ यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ ने ध्वजारोहण कर किया। रथयात्रा में ऑपरेशन सिंदूर की झांकी, जिसमें कर्नल सोफिया कुरैशी एवं विंग कमांडर व्योमिका सिंह के कट आउट लगे थे। दोनों ने ऑपरेशन सिंदूर को ब्रीफ किया था। कस्बे में सकल जैन समाज के तत्वावधान में अनन्त चतुर्दशी एवं आचार्य शांति सागर छाणी जी महाराज के दीक्षा दिवस पर भव्य रथ यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने ध्वजारोहण कर किया। इस दौरान सीडीओ ने कहा कि जैन समाज सत्य, अहिंसा व त्याग का जीवंत उदाहरण है। समाज की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि समाज में अनुशासन व संस्कारों को सर्वोपरि माना जाता है। उन्होंने कहा कि जैन समाज ने हमेशा शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी अनुकरणीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आचार्य शांति सागर छाणी जी महाराज जैसे महान संतों के जीवन से हमें संयम, कर्तव्यनिष्ठा व लोक कल्याण की प्रेरणा मिलती है। रथयात्रा पदम प्रभु जिनालय से प्रारंभ हुई। स्वर्ण रथ में श्रीजी की मूर्ति को रिखब दास जनेश्वर दास जैन के परिवार के सदस्य लेकर बैठे, जबकि सारथी सतीश चंद्र जैन, सौधर्म इंद्र उमंग जैन व दीपक जैन बने। रथ यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर मंगलापुरी मंडी स्थित श्री शांतिनाथ जिनालय पहुंची। रथयात्रा का श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर श्री जी की आरती की। श्री शांतिनाथ जिनालय में आयोजित कार्यक्रम में मंगलाचरण पुनीत जैन ने किया। कार्यक्रम में स्वर्ण कलशों से श्री जी का अभिषेक करने के साथ शांति धारा की गई। आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वल बालेश जैन ललित जैन ने किया। प्रातः काल जैन समाज के श्रद्धालुओं ने श्री 1008 वासपूज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया। रथ यात्रा को सफल बनाने में मदन लाल जैन, जिवेन्द्र जैन, अरविंद जैन, प्रदीप जैन, ललित जैन, अभिषेक जैन मीशू, वैभव जैन, हर्षित जैन, अमित जैन, विक्की जैन, पारस जैन, आगम जैन व ऋषभ जैन आदि श्रद्धालुओं का योगदान रहा।

# कर्मियों पर लगे सिक्योरिटी के रूप में एडवांस लेने का आरोप

## - अच्छी नौकरी मिलने के भरोसे पर मिल रहा कम वेतन

मुजफ्फरनगर, 06 सितम्बर (बु.)। अच्छी नौकरी के साथ उज्वल भविष्य का सपना दिखा कर वाल्मीकि समाज के सैकड़ों परिवारों के अरमानों पर एक बार फिर पानी फेरने का काम किया जा रहा है। नगर गारबेज फ्री सिटी बनाने के दावे को लेकर सफाई व्यवस्था के लिए 55 वार्डों और डलावघरों से कूड़ा निस्तारण का काम कर रही जेएस एनवायरो सर्विसेज प्रा. लि. नामक कंपनी पर आरोप है कि उसने 350 कर्मियों से 30-30 हजार रुपये सिक्योरिटी मनी के नाम पर वसूले, लेकिन वादों के विपरीत कम वेतन देकर लोगों को ठगा। सिक्योरिटी जमा न कराने वालों के वेतन से लगातार कटौती की जा रही है, जिससे समाज में रोष व्याप्त है। नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में परिवर्तन और इसको गारबेज फ्री सिटी बनाने के लिए पालिका प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए 1.30 करोड़ रुपये प्रति माह की दर से तीन वित्तीय वर्ष यानि 36 माह तक निजी क्षेत्र की कंपनी को टैंडर स्वीकृत कर ठेका दिया। इससे पूर्व दिल्ली की एमआईटूसी कंपनी 92 लाख रुपये प्रतिमाह की दर से कार्य कर रही थी, लेकिन कंपनी द्वारा शर्तों का उल्लंघन, कर्मचारियों का आर्थिक शोषण और लापरवाही बरते जाने पर कंपनी से अनुबंध आगे नहीं बढ़ाया गया। अब नई कंपनी को लेकर भी ऐसे ही मामले सामने आने लगे हैं। पालिका के सूत्रों के अनुसार शहर के 55 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और डलावघरों से प्रतिदिन कूड़ा निस्तारण करने के लिए जेएस एनवायरो सर्विसेज कंपनी काम कर रही है। इसमें करीब 350 कर्मियों को कंपनी ने यहां पर हायर किया है, जिसमें बड़े स्तर पर वाल्मीकि समाज के लोग शामिल हैं। आरोप है कि कंपनी ने नौकरी देने के नाम पर कर्मचारियों से 30-30 हजार रुपये पहले ही सिक्योरिटी मनी के रूप में नकद प्राप्त किये हैं। ऐसे में देखा जाये तो कंपनी के द्वारा शहर में काम करने से पहले ही कर्मचारियों से सिक्योरिटी मनी के रूप में करीब एक करोड़ से ज्यादा का धन गैर कानूनी और शर्तों के विपरीत एकत्र कर लिया गया है। इसी को लेकर पूर्व में कर्मचारियों ने हंगामा भी किया था और पालिका प्रशासन ने उक्त कंपनी के लोगों को सख्ती के साथ चेतावनी भी दी थी, लेकिन इसके बावजूद वाल्मीकि समाज से यह ठगी और लूट कंपनी ने बंद नहीं की। जेएस एनवायरो कंपनी में यहां प्रोजेक्ट मैनेजर के रूप में कार्य कर रहे नीतेश चौधरी से कर्मचारियों के आरोपों के संदर्भ में पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। उक्त मामले में पालिका ईओ ने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए स्पष्ट किया कि यदि कोई शिकायत सामने आती है, तो उसकी जांच किए जाने के साथ दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।



## चेयरपर्सन ने वार्ड 11 में किया ट्यूबवैल व सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

मुजफ्फरनगर, 06 सितम्बर (बु.)। पालिका प्रशासन ने जल निकासी के साथ आवागमन की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ पेयजल आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच शनिवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने वार्ड 11 मौ. कृष्णापुरी के पूजा स्वीट्स के पास क्षेत्र की जल आपूर्ति की लंबे समय से समस्या का निदान करते हुए करीब 7 लाख रुपए की लागत से बनने वाली ट्यूबवैल का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र में करीब 13 लाख रुपए ने निर्मित होने वाली सीसी सड़कों व नाली निर्माण कार्य को भी शुभारंभ किया। नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप नगरीय क्षेत्र में राज्य वित्त व 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त धनराशि से होने वाले विकास कार्यों को पूर्ण करने के साथ दन निर्माण कार्यों का लोकार्पण करते हुए इन्हें जनता को समर्पित करने में लगी हैं। इस दौरान वार्ड सभासद प्रशांत चौधरी ने स्थानीय लोगों के साथ चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप का पुष्प गुच्छ देते हुए स्वागत किया।

### दो दिन के गुजरात दौरे पर केजरीवाल, किसानों की बड़ी रैली को करेंगे संबोधित

अहमदाबाद, 06 सितंबर (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरे की शुरूआत शनिवार से राजकोट से होगी और रविवार को वह चोटिला में कपास किसानों की एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे।

आप की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इस दौरे को केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम मानना गलत होगा, क्योंकि केजरीवाल खुद कपास किसानों के मुद्दे को लेकर मैदान में उतरे हैं। हाल ही में केंद्र सरकार ने कपास पर इंपोर्ट ड्यूटी हटा दी है, जिससे विदेशी कपास सस्ती होकर भारतीय बाजार में आएगी और इसका सीधा नुकसान गुजरात जैसे राज्यों के कपास किसानों को होगा। अरविंद केजरीवाल इस फैसले के खिलाफ खुलकर बोल रहे हैं। दिल्ली में उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह मुद्दा उठाया था और अब गुजरात में आकर किसानों के बीच खड़े होकर यह संदेश दे रहे हैं कि वे सिर्फ सरकारों को घेरने नहीं, किसानों के हक की लड़ाई लड़ने आए हैं।



कचौरी प्लेटर - @ 100/-
छोले, आलू सब्जी, कद्दू , मसाला छाछ, देशी घी की 4 कचौरी
छोले भटूरे, कढ़ी चावल, छोले चावल
दुग्ध उत्पाद विक्रय केन्द्र
हमारे यहाँ अपने गऊ फार्म द्वारा उत्पादित शुद्ध दूध, गाय का देशी घी, भैंस का देशी घी
पनीर, मावा, दही, छाछ, लस्सी, रबड़ी, मिल्क केक, मावा पेडा, बर्फी, देशी घी के बेसन लड्डू इत्यादि उपलब्ध है।
शिव मन्दिर, मेन रोड, द्वारिकापुरी, मुज़फ्फरनगर, मो. 9219055701, 7520358701



## शेष : जनपद में कड़ी सुरक्षा

पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय आदि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए वहां पर सीसीटीवी कैमरों, जैमर, बॉयोमैट्रिक स्कैनर, मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था, केंद्र पर शौचालय, पेयजल, अभ्यर्थियों के मोबाइल एवं बैग इत्यादि जमा करने की व्यवस्थाओं को चेक किया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि परीक्षा देने आए सभी अभ्यर्थियों की विधिवत चेकिंग व प्रवेश पत्र सत्यापन होने के बाद प्रवेश दें, किसी भी अभ्यर्थी को कोई इलैक्ट्रानिक डिवाइस परीक्षा केंद्र में न ले जाने दी जाए। इसके अतिरिक्त किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने में असुविधा होने पर उसकी हर संभव सहायता करने सहित अन्य जरुरी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। इस दौरान परीक्षा हॉल व परिसर में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न हो सके इसके लिए जैमर लगाए गए तथा परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को ट्रैफिक की समस्या न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है।

# सीएमओ ने परीक्षा केन्द्रों पर परखी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं



मुजफ्फरनगर, 06 सितम्बर (बु.)। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित की गई प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पीईटी जनपद में 22 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों के बीच निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण तरीके से शनिवार को प्रथम दिन संपन्न हुई। उक्त परीक्षा की व्यवस्थाओं के साथ शासन द्वारा निर्देशों के क्रम में सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था का गहन जायजा लिया।पीईटी परीक्षा के लिए जनपद में 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, इनमें चिकित्सक टीमों को ड्यूटी पर तैनात किया गया, ताकि इस परीक्षा में अभ्यर्थियों तथा स्टाफ को समय रहते हुए चिकित्सकीय सुविधा मुहैया हो सके। शनिवार को सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने डीएवी इंटर कॉलेज, डीएवी डिग्री कॉलेज, नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, जैन इंटर कॉलेज समेत अन्य केंद्रों पर पहुंचकर तमाम व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने सभी चिकित्सा टीमों को निर्देशित किया कि परीक्षा अवधि में पूरी सजगता व तत्परता से ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी केंद्रों पर प्राथमिक उपचार किट, जरुरी दवाइयां, एम्बुलेंस और स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य यह है कि पीईटी परीक्षा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और स्वास्थ्य सेवाओं से सुसज्जित वातावरण में संपन्न हो। साथ ही उन्होंने सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों से अपील की कि वे अपनी ड्यूटी को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निभाएँ।



# पीईटी पेपर को देख खिले अभ्यर्थियों के चेहरे

## परीक्षा केंद्रों की दूरी अधिक होने पर उठाए तमाम सवाल



मुजफ्फरनगर, 06 सितम्बर (बु.)। यूपी में सरकारी नौकरियों की सबसे बड़ी परीक्षाओं में शुमार पीईटी की पहले दिन की परीक्षा शनिवार को निर्विघ्न संपन्न हो गई। इस बीच हजारों अभ्यर्थी अपनी किस्मत अजमाने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। इस बीच जहां कहीं रेलवे व बस स्टेशनों पर भीड़ उमड़ती दिखाई दी तो कहीं परीक्षा केंद्रों पर लंबी कतारें देखने को मिली। परीक्षा केंद्रों पर निजी वाहनों के माध्यम से पहुंचने वाले अभ्यर्थी भी बड़ी संख्या में दिखाई दिए। इस दौरान परीक्षा देने के लिए पहुंचे अभ्यर्थियों ने शासन-प्रशासन के प्रयासों को बेहतर बताते हुए पेपर के सरल होने का भी दावा किया, वहीं परीक्षा केंद्रों की शानदार व्यवस्था की भी सराहना की। हालांकि कुछ अभ्यर्थियों ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ठीक से कोई सुविधा है ही नहीं, इतनी भीड़ है कि हम लोग बिल्कुल चिपक-चिपक कर ट्रेनों में आ रहे हैं। मुजफ्फरनगर पीईटी परीक्षा देने पहुंची प्रियंका ने बताया कि इस बार पेपर बहुत अच्छा हुआ है। प्रशासन की व्यवस्थाओं के साथ, हॉल में बैठने की व्यवस्था काफी अच्छी थी। पेपर देकर लग रहा है कि क्लियर हो जाएगा।
वहीं दूसरी ओर अमरोहा से यहां पहुंचे कुनाल ने पेपर आसान बताते हुए क्लियर हो जाने की बात की, लेकिन सैंटर काफी दूर होने के साथ डिस्टेंस 140 किमी बताते हुए मेनेजमैंट में तो कोई दिक्कत न आने के साथ बैठने के लिए सीटें बहुत खराब बताई। इसके अलावा मौ. शारिक एवं मौ. सुहेल ने पेपर आसान बताते हुए थोडी मैथ में कन्फ्यूशन होने के साथ करेंट अफेयर अच्छे बताए हैं। परीक्षा केंद्र की घर से 160 किमी दूरी पर सवाल उठाते हुए इसे नजदीक किए जाने की पैरवी की।

## लद्दावाला में पुत्रवधू पर 19 लाख रुपये चोरी करने का आरोप

मुजफ्फरनगर, 6 सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लद्दावाला निवासी शाहनवाज ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके बेटे शाहबाज की शादी देवबंद निवासी इफरा के साथ हुई थी। शाहबाज के ससुर मौहम्मद जगी का बीमारी के चलते देहान्त हो गया था। तभी से वह अपनी पत्नी के साथ अपनी ससुराल में रह रहा था। आरोप है कि इसी बीच उसकी पुत्रवधू इफरा ने घर की अलमारी में 19 लाख रुपये चोरी कर लिये। उसने रकम अपनी मां हसरत व भाई के सहयोग से चोरी की। सीसीटीवी कैमरे में रकम का बैग ले जाते हुए उनकी तस्वीर भी कैद हो गयी। परिवार के लोग इस मामले को आपस में ही सुलझाने में लगे हुए थे लेकिन मामला सुलझ न पाने पर पुलिस को तहरीर दी गयी। एसएसपी के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छत के मलबे में दबकर 2 बकरियों की हुई मौत

बुढ़ाना, 6 सितम्बर (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र के गांव विज्ञाना में बीती शुक्रवार की देर सायं एक मकान की छत अचानक से भरभराकर गिर गयी। जिसमें छत के मलबे में दबकर 2 बकरियों की मौत हो गयी। यह मकान कय्यूम उर्फ मुन्ना त्यागी पुत्र निजाम हसन का बताया गया है। यह तो गनीमत रही कि जब मकान की छत गिरी, तो कमरे में परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। नहीं तो कोई भी बड़ी घटना हो सकती थी। सूचना मिलने पर लेखपाल ने आज शनिवार की सुबह मौके पर पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली। बताया जाता है कि इससे पूर्व इन पिछले 8 दिनों में बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के 10 गांवों में 19 स्थानों पर कई लाख रुपयों की सम्पत्ति का नुकसान हुआ, जिसमें तीन महिला और एक पुरुष घायल हो गये और 5 पशुओं की मौत हो गयी। लगातार कई दिनों से चल रही बरसात के चलते बीती 28 अगस्त की सायं से नुकसान की शुरूआत गांव अलीपुर अटेरना से हुई, जिसमें विधवा कविता कश्यप के मकान की छत गिर गयी। उसके बाद दूसरी घटना गांव परासौली में हुई, जिसमें अकबर मिरासी का मकान गिर गया। उसके बाद 03 दिन पहले ही गांव लोई में जितिन कोरी, सत्यपाल, शोयब, सुनंदा, बबलू, बाबू सिंह, गांव सराय में प्रदीप प्रजापति, गांव डुंगर में विधवा जाहिदा, बुढ़ाना में स्वर्णकार समाज की धर्मशाला की दीवार, गांव जौला में मुनसेद राणा, इंतजार अली राणा, आस मौहम्मद, गांव मंदवाडा में अकरम अली, आजाद अली और कामिल अहमद के मकान की छत भरभराकर गिर गयी, जबकि बीती शुक्रवार की देर सायं गांव रायपुर अटेरना में श्री प्यारे जी मंदिर में स्थित कुंज गली नामक एक किले का कुछ हिस्सा जमीन पर गिर गया। ये ऐतिहासिक किला बताया जाता है। जिसका निर्माण नवरंग शाह नामक शासक द्वारा कराया गया था। कुल मिलाकर भयंकर बारिश के चलते कुल 08 दिनों में 10 गांवों में 19 जगहों पर कई लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है।



## हार्टअटेक से होमगार्ड का दुखद निधन, एसपी सिटी ने दी परिजनों को सांत्वना

मुजफ्फरनगर, 6 सितम्बर (बु.)। रविवार को सुबह उस समय पुलिस महकमे में शोक छा गया जब सूचना मिली कि होमगार्ड के पद पर कार्यरत शमशाद मलिक का हार्टअटेक से सुबह 6 बजे निधन हो गया। उक्त सूचना पुलिसकर्मियों में फैलने के बाद शोक की लहर तो छा ही गयी साथ ही साथ यह भी जानकारी मिली कि होमगार्ड शमशाद मलिक एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के कार्यालय लम्बे समय से अपनी सेवाएं दे रहे थे। वह मूल रूप से जानसठ के रहने वाले थे। शनिवार की सुबह वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। रास्ते में अचानक हार्टअटेक आया और मौके पर ही उनकी दुखद मौत हो गयी। इसकी जानकारी परिजनों को दी गयी। परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए एसपी सिटी एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत परिवार के बीच पहुंचे और शमशाद मलिक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। दोपहर बाद शमशाद मलिक के पार्थिव शरीर को सुपुर्दे खाक कर दिया गया।



# मोदी की मां को गाली देने वालों को, जूते मारो सालो को

मुजफ्फरनगर, 6 सितम्बर (बु.)। शनिवार को शिवसेना कार्यकर्ताओं का गुस्सा सातवे आसमान पर दिखाई दिया। तहरीर लेकर शिवसेना कार्यकर्ता शहर कोतवाली पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए पूरे मामले की जानकारी शहर कोतवाली को देते हुए बताया कि अनीस भाई 538 नाम से एक फेसबुक आईडी चल रही है, जिसमें हिन्दू नेताओं की छवि खराब करते हुए समाज में तनाव फैलाने की कोशिश की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि यह सब जिहादी मानसिकता के तहत किया गया षड़यंत्र है, मगर अब हिन्दू समाज पूरी तरह संगठित है और ऐसे जेहादियों को मुंहतोड़ जवाब देना जानता है। अगर यह जेहादी पुलिस ने न पकड़ा तो हिन्दू संगठन इसे कहीं से भी ढूंढकर इसका खुद इलाज करने में सक्षम है। मगर वे शिष्टाचारिक ढंग से पूरा काम करेंगे इसलिए थाने में तहरीर दी गयी है कि कल यह न कहा जाए कि हिन्दू संगठनों ने कानून अपने हाथ में लेकर अनीस का उपचार कर दिया। इसलिए वे पहले कानून को अपना काम करने देंगे। नगर कोतवाली के गेट पर खड़े होकर उन्होंने मीडिया को बताया कि अनीस नाम से चलने वाली इस आइडी में दंगा भड़काने और हिन्दू संगठनों की छवि खराब करने के लिए देश के प्रधानमंत्री मोदी व अमित शाह के बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। कोतवाली पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री दोनों उनके लिए सम्मानित हैं और हमेशा रहेंगे। प्रधानमंत्री के पद पर किसी भी पार्टी का व्यक्ति क्यों न विराजमान हो वह देश का सिरमौर होता है। ऐसे में उनके अथवा उनकी माता के खिलाफ कोई भी अभद्र भाषा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने नारा लगाया कि 'मोदी जी की माता को गाली देने वालों को, जूते मारो सालो को'। प्रदर्शन के बाद शिवसेना कार्यकर्ता आक्रोश दिखाकर वापस लौट गए।



# पंजाब बाढ़ः मदद के लिए आगे आए सलमान खान, एक्टर के एनजीओ ने रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए भेजी 5 नावें

मुंबई, 06 सितंबर (एजेंसी)। पंजाब में बाढ़ की मार झेल रहे लोगों की मदद के लिए बॉलीवुड एक्टर सलमान खान आगे आए हैं। एक्टर की फाउंडेशन की तरफ से बाढ़ राहत के लिए 5 नावें भेजी गई हैं। आम आदमी पार्टी के जनरल सेक्रेटरी और पंजाब टूरिज्म के चेयरमैन दीपक बाली ने बाढ़ प्रभावित फिरोजपुर गांव का दौरा किया और सलमान खान के एनजीओ की तरफ से भेजी गई नावों को प्रशासन को सौंपा।

इनमें से 2 फिरोजपुर बॉर्डर पर जिला प्रशासन को सौंपी गई, जबकि बाकी की नावों को राज्य भर में रेस्क्यू ऑपरेशन में इस्तेमाल किया जाएगा। बाली ने ये भी बताया कि स्थिति सामान्य होने के बाद सलमान खान की फाउंडेशन बीइंग ह्यूमन हुसैनीवाला से सटे सीमावर्ती कई गांव गोद लेगी और उनका विकास करेगी। गौरतलब है कि इस वक्त पंजाब अपने इतिहास की सबसे भयंकर बाढ़ से जूझ रहा है। इस दुखद घड़ी में पंजाब की मदद के लिए कई एक्टर्स सामने आए हैं। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार न राहत और मदद में सहयोग देने के लिए 5 करोड़ रुपए की सहायता की है। खास बात यह है कि अभिनेता ने इस राशि को दान कहने से इनकार करते हुए इसे सेवा बताया। एक अंग्रेजी मीडिया संस्थान के साथ बातचीत में अपनी भावना साझा करते हुए अक्षय ने कहा- 'मैं अपने विचार पर कायम हूं। हां, मैं पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री खरीदने के लिए 5 करोड़ रुपए दे रहा हूं, लेकिन मैं कौन होता हूं किसी को दान देने वाला? जब मुझे मदद का हाथ बढ़ाने का मौका मिलता है, तो मैं खुद को धन्य महसूस करता हूं। मेरे लिए यह मेरी सेवा है, मेरा एक छोटा सा योगदान है।' गौरतलब है कि पंजाब में लगातार बारिश और बांधों के टूटने से आई बाढ़ ने अब तक बड़ी तबाही मचाई है। प्रशासन और सेना राहत और बचाव कार्य में जुटी है, वहीं रणदीप हुड्डा जैसे कलाकारों का आगे आना पीड़ितों के लिए उम्मीद की किरण साबित हो रहा है।

## अक्षय कुमार ने भेजी राज्य को 5 करोड़ की धनराशि



## सीएम रेखा गुप्ता ने पंजाब के लिए 5 करोड़ रुपये देने का किया एलान

नई दिल्ली, 06 सितंबर (एजेंसी)। पंजाब इन दिनों भीषण बाढ़ की चपेट में है। वहीं इस आपदा के समय दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने राज्य के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 करोड़ रुपये की सहयोग राशि देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आई कठिन घड़ी में वहां के भाई-बहनों का दर्द हम सबका साझा दर्द है। दिल्ली की जनता और सरकार, इस आपदा से जूझ रहे लोगों के साथ आत्मीयता और संवेदना के साथ खड़ी है। ईश्वर से प्रार्थना है कि प्रभावित परिवार जल्द इस विपत्ति से उबरें और पंजाब की पवित्र धरती पर फिर से सुख, शांति और समृद्धि लौटे।



# बछड़े को जिंदा बरामद नहीं कर सकी पुलिस, फिर भी मांस बेचने जा रहे 6 लोग किए अरेस्ट

बुढ़ाना, 6 सितम्बर (बु.)। मुखबिर अगर कुछ देर पहले ही सूचना कर देता तो शायद एक गाय के बछड़े की जान बच जाती, मगर फिर भी बुढ़ाना पुलिस ने गौमांस बेचने की योजना बना रहे छह गौतस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।
मिली जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को मुखबिर ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि ग्राम रसूलपुर दभेड़ी से ग्राम टोडा को जाने वाले रास्ते पर करीब 500 मीटर आगे कुछ लोगों ने एक गाय के बछड़े को पकड़कर काट दिया है। गौमांस को अब कट्टों में भरकर बुढ़ाना में बेचने के लिए जाने वाले हैं। जल्दी की जाये तो पकड़े जा सकते हैं। तब मुखबिर की सूचना पर नये कोतवाल सुभाष अत्री ने उमरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज को साथ लेकर बताए हुए स्थान को घेरकर मौके से छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से लगभग 50 किलोग्राम गौमांस, गौकशी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण जिनमें 4 छुरी, एक दाब, एक लकड़ी का गुटका, अन्य उपकरण व एक मोटर साइकिल बरामद की। पूछताछ में सभी ने अपने नाम नूर मौहम्मद पुत्र मजीद, शकील, जाहिद और परवेज पुत्रगण नूर मोहम्मद निवासीगण रसूलपुर दभेडी, मुन्ना पुत्र अब्दुल अजीज और वाजिद पुत्र युसुफ निवासीगण ग्राम कल्याणपुर, थाना रतनपुरी बताए हैं। वहीं दूसरी और सातवां आरोपी ईख का फायदा उठाकर फरार हो गया।



## राजस्थान में हाईवे बहा, उदयपुर में कॉलोनियां डूबीं

जयपुर, 06 सितंबर (एजेंसी)। राजस्थान में बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। जयपुर में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। राजसमंद के रिछेड़ क्षेत्र में तेज बारिश से नेशनल हाईवे-162 राजसमंद-जोधपुर का आधा हिस्सा बह गया। उदयपुर में आयड़ नदी का पानी कई कॉलोनियों में घुस गया। कई घर डूब गए हैं, लोग घरों की छतों पर फंसे हुए हैं। दिल्ली में शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामीनारायण मंदिर परिसर में 5 फीट तक पानी भर गया था। उत्तर प्रदेश के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में यमुना का पानी घुस गया है। आगरा में ताज महल की बाउंड्री तक यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया। इससे बाइक-कार डूब गईं। मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के तोरणमाल में बारिश के चलते भूस्खलन हुआ है। पहाड़ी से बड़ी-बड़ी चट्टानें आकर सड़क पर गिर गई हैं। इसके कारण सड़क जाम हो गई। वहीं, भोपाल के बड़ा तालाब ओवरफ्लो हो गया है। इसके चलते भदभदा डैम के गेट सीजन में पहली बार खुले हैं।

## आगरा में भीड़ के कारण बागेश्वर धाम का कार्यक्रम रद्द, धीरेन्द्र शास्त्री ने जताया अफसोस

आगरा, 06 सितंबर (एजेंसी)। बागेश्वर सरकार बालाजी धाम प्रमुख पंडित धीरेन्द्र शास्त्री का राजदेवम में प्रस्तावित कार्यक्रम रद हो गया। अत्यधिक भीड़ और व्यवस्थाओं की कमी के चलते कार्यक्रम नहीं हो सका है। पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने आयोजक पुष्कल गुप्ता के पदम प्राइड अपार्टमेंट स्थित आवास पर पहुंचने के बाद वीडियो जारी कर अफसोस व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, कि वह भी आगरा वालों से मिलना चाहते थे, लेकिन मिलना नहीं हो सका। जल्द वे दोबारा आएंगे और कथा सुनाएंगे। इससे पहले बागेश्वर सरकार बालाजी धाम के प्रमुख पंडित धीरेंद्र शास्त्री का आशीर्वचन कार्यक्रम तारघर मैदान में प्रस्तावित था, लेकिन शुक्रवार को भारी वर्षा के बाद हुई अव्यवस्थाओं के बाद कार्यक्रम स्थल बदल दिया गया था। इसके लिए फतेहाबाद रोड स्थित राज देवम गार्डन को चुना गया था। जहां प्रवेश सिर्फ पास के आधार पर होने की बात कही थी। आयोजन में 20 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने की उम्मीद थी।

# मौसम पर आस्था भारी, उत्तराखंड सरकार का बड़ा फैसला, चारधाम यात्रा आज से फिर शुरू

देहरादून, 06 अगस्त (एजेंसी)। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा एक बार फिर से शुरू हो गई है। यात्रा पर लगी अस्थाई रोक आज से हटा दी गई है। चारधाम यात्रा शुरू होने से यात्रियों में उत्साह और खुशी की लहर देखी जा रही है। हालांकि सिर्फ दो धामों के लिए ही यात्रा फिर से शुरू की गई है। दरअसल खराब मौसम और लगातार हो रही बारिश की वजह से 5 सितंबर तक चारधाम यात्रा रोक दी गई थी, जिसे शनिवार को फिर से खोल दिया गया है। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू कर दिया गया है।

आपको बता दें कि ऋषिकेश में 200 से अधिक यात्री अब तक चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। दरअसल बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा फिर से शुरू होने के इंतजार में ऋषिकेश में डटे हुए थे। उनको जैसे ही पता चला कि यात्रा पर लगी रोक हट गई है। उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यात्री फिर से बाबा के दर्शन के लिए निकलने लगे हैं। वहीं नए यात्रियों का रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो गया है। अलग-अलग राज्यों से आए करीब 200 से ज्यादा तीर्थ यात्री चारधाम यात्रा खुलने का इंतजार पिछले 5 दिनों से कर रहे थे। 6 सितंबर को सरकार ने दो धामों बद्रीनाथ केदारनाथ के लिए यात्रा को दोबारा शुरू कर दिया है। 5 दिनों से ऋषिकेश में यात्रा शुरू होने का इंतजार कर रहे यात्रियों ने आज सुबह आदेश मिलते ही तुरंत रजिस्ट्रेशन करवाया और दोनों धामों के दर्शन पर निकल पड़े।

आपको बता दें कि उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश और खराब मौसम की वजह से 1 सितंबर को चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा सरकार ने 5 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी थी। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने बताया था कि भारी बारिश से प्रदेश में कई जगह भूस्खलन और मलबा आने से मार्ग बाधित हो रहे हैं, जिन्हें सरकार प्राथमिकता पर खोल रही है, लेकिन यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा को 5 सितंबर तक के लिए स्थगित करने का फैसला लिया गया है। साथ ही उन्होंने यात्रियों से अपील की थी कि कि वे प्रतिकूल मौसम की स्थिति को देखते हुए यात्रा मार्गों पर न जाएं और प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करें। उन्होंने कहा था कि मौसम सामान्य होने और रास्ते पूरी तरह सुरक्षित होने के बाद यात्राओं को फिर से शुरू कर दिया जाएगा। अब यात्रा को फिर से शुरू कर दिया गया है।



## बंदरों ने 3 महीने के मासूम को पानी भरे नीले ड्रम में डाला, मौत, चारपाई पर सोते समय उठाकर ले गए

सीतापुर, 06 सितंबर (एजेंसी)। मछरेहटा के सूरजपुर में गुरुवार को तीन माह के बालक का शव छत पर रखे ड्रम में मिला। परिवारजन को आशंका है कि बंदर ने बालक को ड्रम में डाल दिया है। शुक्रवार को चर्चा होने पर पुलिस जांच करने गई, लेकिन परिवारजन ने तहरीर नहीं दी है। गांव के अनुज यादव का तीन माह का बेटा शिवांश गुरुवार सुबह कमरे में चारपाई पर सो रहा था। इसी बीच उसकी मां सरिता स्नान करने चली गईं। वापस आईं, तो शिवांश गायब मिला। सरिता ने परिवारजन को जानकारी दी। तलाश की गई तो बालक छत पर रखे ड्रम में उतराता मिला। परिवारजन बालक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा पहुंचे, जहां मृत घोषित कर दिया गया। अनुज ने बताया बंदर अक्सर उनके घर आ जाता है। घटना के दिन सीढ़ियों पर गेहूं भी बिखरे थे। इससे लग रहा है कि बंदर ही शिवांश को उठा ले गया और ड्रम में छोड़ दिया। सूरजपुर चौकी प्रभारी गजेंद्र खरवार ने बताया कि घटना की चर्चा होने पर पुलिस अनुज के घर गई थी। अनुज ने तहरीर देने से मना कर दिया।

# नीरव मोदी, माल्या जैसे भगोड़े वापस आएंगे!, ब्रिटिश टीम ने तिहाड़ का दौरा कर देखे इंतजाम

नई दिल्ली, 06 सितंबर (एजेंसी)। भारत में करोड़ों के घपले-घोटाले करके कई अपराधी ब्रिटेन में छिपे हुए हैं। नीरव मोदी, विजय माल्या जैसे कई भगोड़े अपराधी ब्रिटेन की अदालतों में केस लड़कर अपने भारत प्रत्यर्पण का विरोध कर रहे हैं, लेकिन हाल ही में एक ऐसा घटनाक्रम हुआ है, जिससे इन जैसे अपराधियों को वापस भारत भेजे जाने की संभावना मजबूत हुई है। विजय माल्या और नीरव मोदी जैसे भगोड़े अपराधी ब्रिटेन की अदालतों में दलील दे रहे हैं कि अगर उन्हें भारत वापस भेजा गया, तो उनकी जान को खतरा हो सकता है। नीरव मोदी ने तो कहा था कि भारत प्रत्यार्पित किए जाने पर या तो वह मारा जाएगा या खुदकुशी कर लेगा। इन अपराधियों की ऐसी ही दलीलों को देखते हुए ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस की एक टीम कुछ समय पहले दिल्ली के तिहाड़ जेल आई थी। सूत्रों के अनुसार ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस की इस टीम में चार लोग थे। इनमें दो सीपीएस के एक्सपर्ट थे और दो ब्रिटिश हाई कमीशन के अधिकारी शामिल थे। यह दौरा जुलाई में हुआ था। टीम यह देखने आई थी कि अगर ब्रिटेन से भगोड़ों को भारत भेजा जाता है तो तिहाड़ में उन्हें कैसी सुविधा और सुरक्षा मिलेगी। इसमें नीरव मोदी, विजय माल्या और कई भगोड़े अपराधियों के केस शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि ब्रिटिश टीम ने तिहाड़ की हाईसिक्योरिटी वार्ड देखे। वहां कैदियों से भी बात की। बताया जा रहा है कि टीम ने जेल की व्यवस्थाओं को अच्छा बताया और कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय मानकों के करीब है। सूत्रों के अनुसार, भारत सरकार ने टीम को भरोसा दिलाया कि अगर जरूरत पड़ी, तो तिहाड़ जेल में हाई प्रोफाइल कैदियों के लिए अलग से सुरक्षित जगह बनाई जा सकती है। इसमें उनकी खास जरूरतों का ध्यान रखा जाएगा और उन्हें कोई खतरा नहीं होगा।



## दिल्ली के लाल किले से एक करोड़ की चोरी

नई दिल्ली, 06 सितंबर (एजेंसी)। दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला परिसर में चल रहे जैन समुदाय के धार्मिक आयोजन से करोड़ों रुपए के कीमती 'कलश' चोरी हो जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह वारदात 3 सितंबर को सुबह 9:20 बजे से 10:00 बजे के बीच हुई, जब लाल किले के 15 अगस्त पार्क स्थित जैन पर्व पंडाल में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। शिकायतकर्ता सुधीर कुमार जैन ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि चोरी हुआ कलश धार्मिक अनुष्ठान के लिए लाया जाता था। इस बार भी वे इसे पंडाल में लेकर आए थे, लेकिन स्वागत और भीड़भाड़ के बीच अचानक कलश मंच से गायब हो गया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार चोरी हुई वस्तुओं में एक बड़ा सोने का कलश और एक नारियल शामिल है, जिनका कुल वजन लगभग 760 ग्राम है। इसके अतिरिक्त एक छोटा कलश भी चोरी हुआ है, जिस पर हीरे, माणिक और पन्ना जड़े हुए थे। इसका वजन करीब 115 ग्राम है। यह मैरून रंग के मखमली डिब्बे में रखा हुआ था। इसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

## अखिलेश यादव बोलेः चुनाव आयोग है जुगाड़ आयोग

कन्नौज, 06 सितम्बर (एजेंसी)। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निर्वाचन आयोग का नाम ही बदल दिया। उन्होंने वोट चोरी के मुद्दे पर तंज कसते हुए इसे भाजपा सरकार का जुगाड़ आयोग बताया। साथ ही समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण पर भी निशाना साधा। कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र के पुनगरा और भरखरा गांव में शनिवार को आए कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में वोट चोरी के मामले पर कहा कि जिले के एक नेता कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं को पास कर बड़े अधिकारी बन गए। इसके बाद जनता को गुमराह कर विधायक बन गए फिर मंत्री भी बन गए। वह सपा पर वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। सरकार उस समय के अफसरों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है, जब प्रदेश में सपा की सरकार थी। उनका जो जुगाड़ आयोग है उससे कहें कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करे। यदि कार्रवाई नहीं होती है, तो यह मान लेना कि उन्होंने (असीम अरुण) यह बात सही नहीं कही है। अखिलेश ने कहा कि सरकार प्रतिदिन दो करोड़ रुपये का टोल टैक्स वसूल रही है। इसके बाद भी एक्सप्रेसवे की दशा नहीं सुधर रही है। इस सरकार में काऊ मिल्क प्लांट, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, राजकीय मेडिकल कॉलेज, कॉडियोलॉजी और इंजीनियरिंग कॉलेज सब बर्बाद हो गए। बिहार चुनाव को लेकर कहा कि बिहार की जनता निष्पक्ष चुनाव चाहती है। सपा पितृ पक्ष के बाद प्रदेश में गांव चलो अभियान प्रारंभ करेगी।

# यूपी टी-20 लीग सीजन-3 क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम योगी

**लखनऊ, 06 सितंबर (एजेंसी)। राजधानी लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शनिवार को उत्तर प्रदेश प्रीमियर टी20 लीग का फाइनल मुकाबले की शुरूआत हो गयी है। इस मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए हैं। इस मौके पर बीसीसीआई के वरिष्ठ पदाधिकारी और राज्य सभा सांसद राजीव शुक्ला भी मौजूद रहे। बता दें कि, फाइनल मुकाबला काशी रुद्रास और मेरठ मावेरिक्स के बीच हो रहा है। इससे पहले दोनों टीमें क्वालीफायर 1 में भिड़ी थीं, जहां काशी रुद्रस ने एक रोमांचक मुकाबले में सिफ पांच रनों से जीत हासिल की थी। वे 167 रनों का बचाव करने में सफल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से वाराणसी, अयोध्या और गोरखपुर में स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। केंद्र सरकार की स्पोर्ट्स पॉलिसी आई है, हम हर विकासखण्ड में मिनी स्टेडियम और हर जनपद में स्टेडियम का कार्य आगे बढ़ा रहे हैं। यूपी सरकार उभरते हुए खिलाड़ियों को सतत प्रोत्साहित कर रही है। पूर्ण विश्वास है कि सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से प्रदेश के खिलाड़ी, खेल और खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं!**




# जुमे की नमाज के बाद हिंसक घटनाओं से दहला बांग्लादेश, सूफी संत की कब्र खोदकर लाश को फूंका

**ढाका, 06 सितंबर (एजेंसी)। बांग्लादेश में शुक्रवार को 2 दिल दहलाने वाली हिंसक घटनाएं सामने आई। एक तरफ, इस्लामिक कट्टरपंथियों ने एक सूफी संत की कब्र को अपवित्र कर उनके शव को जला दिया तो दूसरी तरफ जातीय पार्टी के दफ्तर को आग के हवाले कर दिया गया। हिंसा की इन ताजा घटनाओं ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। बता दें कि पिछले साल हुए तख्तापलट के बाद से बांग्लादेश में हिंसा की घटनाएं लगातार हो रही हैं, जहां मुस्लिम कट्टरपंथी अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं। पश्चिमी राजबारी जिले में शुक्रवार की नमाज के बाद कुछ मुस्लिम कट्टरपंथियों ने सूफी दरवेश नूरा पगला की कब्र को निशाना बनाया। नूरा पगला की दो हफ्ते पहले मौत हो चुकी थी। हमलावरों ने उनकी कब्र खोदकर शव को बाहर निकाला और आग लगा दी। साथ ही, उनकी दरगाह को भी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। इसके बाद नूरा पगला के अनुयाईयों और हमलावरों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। भीड़ ने पुलिस और स्थानीय प्रशासन की गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया। कम से कम 22 लोगों को स्थानीय सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जबकि चार की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें फरीदपुर के बड़े अस्पताल में भेजा गया। बांग्लादेश की सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के दफ्तर ने इस घटना की कड़ी निंदा की और इसे 'अमानवीय और घृणित' करार दिया। सरकार ने हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया है। दूसरी घटना ढाका के पुराना पल्टन इलाके में हुई, जहां जातीय पार्टी यानी कि खढ के केंद्रीय दफ्तर को शुक्रवार शाम आग लगा दी गई। जातीय पार्टी, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग की सहयोगी पार्टी है। यह हमला उस समय हुआ जब एक हफ्ते पहले गोनो अधिकार परिषद के नेता नुरुल हक नूर पर हमला हुआ था। नुरुल हक उस जुलाई विद्रोह का हिस्सा थे, जिसने 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना की सरकार को उखाड़ फेंका था।**